संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार 22 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 170 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



# योगमय हुआ पूरा देश: मोदी

## 14,000 फीट की ऊंचाई से लेकर समुद्र के छोर तक, विशाखापट्टनम से पीएम मोदी का खास संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे भारत और दुनिया भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस बार "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम के साथ दुनिया भर में योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में तीन लाख लोगों के साथ योग करेंगे। योग फिटनेस से कहीं ज्यादा है, योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह आत्म-जागरूकता, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक विकास की यात्रा है। दुनियाभर में लोग योग कर रहे हैं।

**योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना: पीएम मोदी**

विशाखापट्टनम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश और दुनिया के सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग



दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं। आज 11वीं बार पूरा विश्व एक साथ 21 जून को योग कर रहा है। योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना। ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है।

**मैं हमेशा योग करती हूं: हेमा मालिनी:** भाजपा नेता हेमा मालिनी ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि मैं योग करके दूसरों को प्रेरणा देने की कोशिश कर रही हूं। योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है...मैं हमेशा योग करती हूं। इस दौरान अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि मैं 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित स्थान टाइम्स स्क्वायर पर आकर बेहद खुश हूं... मेरे दादाजी योग शिक्षक थे। इसलिए मैंने अपने पूरे जीवन में योग देखा है। मैं योग का अभ्यास करता हूं, और मैं हर जगह योग का माहौल देख सकता हूं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एक बहुत ही



महत्वपूर्ण संदेश है। मुझे यहां आमंत्रित करने के लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं..." उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ योगाभ्यास करते हुए नजर आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपकी इच्छाएं तभी पूरी होती हैं जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं। यह हमारे ऋषियों की परंपरा है जिसे हमारे वेदों, पुराणों और अन्य ग्रंथों ने जीवित रखा है।

**14 हजार फीट की ऊंचाई पर योग:** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीबीपी के जवानों ने पैंगोंग त्सो के तट पर 14,100-14,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित बीओपी धन सिंह थापा और चार्ल्से पर योग किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विशाखापत्तनम में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "योग के प्रसार के लिए भारत योग की साइंस को आधुनिक रिसर्च से अधिक सशक्त कर रहा है।

### नड्डा ने योगाभ्यास को जीवन में शामिल करने का किया आह्वान



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर योग किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए योगाभ्यास को जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। शब्द 'योग' का अर्थ है 'एकजुट होना' या 'संक्षेप में प्रस्तुत करना' – जो शरीर, मन और आत्मा के मिलन का प्रतीक है। यह न केवल एक शारीरिक अनुशासन है, बल्कि एक गहन मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास भी है। योग दिवस की कल्पना और योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाए, इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में की थी। 2014 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सभा में कहा था कि योग दिवस मनाया जाना चाहिए और लगभग 170 से अधिक देशों ने इसका समर्थन किया।

## दहेज हत्या के मामले में 5 आरोपियों को किया गया था बरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय अदालतों द्वारा बरी करने के मामले में हस्तक्षेप करने को लेकर टिप्पणी की है और कहा है कि अपीलीय अदालतों को केवल उन दुर्लभ मामलों में हस्तक्षेप करना चाहिए जहां पिछली अदालतों का दृष्टिकोण स्पष्ट न हो या फिर जहां रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य केवल दोष के अपरिहार्य निष्कर्ष पर ही ले जाते हैं। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने शुक्रवार को जारी फैसले में कहा, "कानून में यह स्पष्ट रूप से स्थापित है कि बरी किए जाने के खिलाफ अपील में हस्तक्षेप केवल तभी किया जाना चाहिए जब निचली अदालत द्वारा लिया गया दृष्टिकोण अलग हो या जब कोई दृष्टिकोण संभव न हो।"

**क्या है मामला ?:** दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी पांच लोगों को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए पीठ ने रेखांकित किया कि अगर निचली अदालतों के निष्कर्ष उचित रूप से संभव है और सबूतों से समर्थित है, तो अपीलीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।

अदालत ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए की, जिसमें अपनी बहन के पति और ससुराल वालों को बरी किए जाने को चुनौती दी गई थी, जिन पर दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का आरोप था।

**कब हुई थी महिला की मौत ?:** अक्टूबर 2024 में अपने फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के बहनोई अजीत सिंह और उनके परिवार के चार सदस्यों को याचिकाकर्ता की बहन सुचिता सिंह की मौत के सिलसिले में बरी करने के ट्रायल कोर्ट के 2014 के फैसले को बरकरार रखा था, जिनकी शादी के दो साल से भी कम समय बाद अक्टूबर 2010 में गाजियाबाद में अपने ससुराल में सुचिता सिंह ने आत्महत्या कर ली थी।



### अदालत की टिप्पणी

**रिकॉर्ड** पर मौजूद तथ्यों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि मृतका के पति अजीत सिंह ने घटना के तुरंत बाद महिला के मायके वालों को सूचित कर दिया था। मृतका के पिता, जो पुलिस उपाधीक्षक थे, उनकी मौजूदगी में जांच की कार्यवाही और दाह संस्कार किया गया। फिर भी जांच के समय कोई संदेह या आपत्ति नहीं जताई गई। अदालत ने कहा कि मामले में एफआईआर मौत के चार दिन बाद दर्ज की गई, जिससे ट्रायल कोर्ट के अनुसार आरोपों की सत्यता पर गंभीर संदेह पैदा होता है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि देरी से संकेत मिलता है कि रिपोर्ट में बताई गई कहानी बाद में लिखी गई कहानी के अलावा कुछ नहीं थी।

## पश्चिम बंगाल: बीरभूम में बम ब्लास्ट से 2 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में शुक्रवार की रात को भयंकर बम ब्लास्ट देखने को मिला। लभपुर ब्लॉक के पास स्थित हातिया गांव में दो गुटों के बीच अचानक हिंसा भड़क गई, जिसके बाद यह धमाका हुआ। इस दौरान दो लोगों की जान चली गई। शनिवार को पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा में शामिल दोनों गुट आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए दोनों गुटों के बीच झड़प शुरू हुई और फिर इलाके में हिंसा भड़क गई।

**मृतकों की नहीं हुई पहचान**



बीरभूम के एसपी अमनदीप ने घटना में दो लोगों की जान जाने की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। इस धमाके में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, पुलिस ने घायलों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।

**क्या है पूरा मामला ?**

बता दें कि हातिया गांव की हिंसा में शामिल दोनों गुटों में पुरानी दुश्मनी है। स्थानीय लोगों की मानें तो हिंसा में शामिल दोनों गुट सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस कांग्रेस से जुड़े हैं। दोनों गुटों पर नकली सिक्के छापने का आरोप है। हिंसा में एक तरफ शेख मैनुद्दीन और उसके सहयोही शेख मुसतफी

### घटना...

- पश्चिम बंगाल के बीरभूम में दो गुट आपस में भिड़े।
- दोनों गुटों के बीच मुठभेड़ ने लिया हिंसक रूप।

## आंध्र प्रदेश में नाबालिग का 2 साल तक रेप करते रहे कई लोग

### 8 महीने की गर्भवती हुई तो सामने आया मामला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने मानवता को शर्मार कर दिया है। यहां एक 15 साल की लड़की के साथ बीते दो साल में कई लोगों ने कई बार रेप किया। जब लड़की प्रेग्नेंट हो गई, तब जाकर मामले की पोल खुली। जब वह गर्भवती हुई, तो आरोपी ने उसे धमकाया और ब्लैकमेल भी किया। लड़की अपनी मां के साथ रहती है। जांच में सामने आया है कि उसके पिता की 3 साल पहले मौत हो गई थी। जब उसका पहली



बार रेप हुआ, तब वह क्लास 8 में पढ़ती थी। लड़की की सामाजिक स्थिति का फायदा उठाकर आरोपियों ने उसका दो साल तक शोषण किया। उसकी क्लास टीचर ने भी कभी ये नहीं बताया कि वह स्कूल छोड़ चुकी है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें नाबालिग भी शामिल हैं।

## एयर इंडिया के तीन अधिकारियों को तुरंत हटाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस कंपनी को चालक दल की शेड्यूलिंग, अनुपालन निगरानी और आंतरिक जवाबदेही में प्रणालीगत विफलता के लिए एक वरिष्ठ उड़ान संचालन अधिकारी सहित तीन वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि डीजीसीए ने एयर इंडिया को तीनों अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है। डीजीसीए ने 20 जून को



जारी आदेश में एयर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ अविलंब आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के जारी आदेश के अनुसार इन तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट भी शामिल है। इससे पहले डीजीसीए ने तीन एयरबस विमानों के आपातकालीन उपकरणों की जांच के लिए निर्धारित तिथि से अधिक समय होने के बावजूद उड़ान भरने पर एयर इंडिया को सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए चेतावनी दी थी।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योग सत्र का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शनिवार सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव के साथ अधिकरण के अन्य सदस्य भी शामिल रहे। यह आयोजन इस वर्ष के योग दिवस के वैश्विक विषय- "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" के अनुरूप किया गया, जिसमें आंतरिक कल्याण को बढ़ावा देने और समाज में सामूहिक सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर बल दिया गया। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए योग के समग्र लाभों पर बात की।


## भारतीय सेना ने चीन से लगती सीमा पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

### योग अभ्यास

- सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने एक साथ विभिन्न योग आसन और श्वास अभ्यास किया।

**टीम एक्शन इंडिया**

**ईटानगर:** अरुणाचल प्रदेश के भारत-चीन सीमा पर तैनात भारतीय सेना ने शनिवार को शि-योमी जिले के मेंचुका में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर ओयोजित कार्यक्रम में सेना के जवानों और स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य, सदभाव और एकता को



बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रुप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में नागरिक प्रशासन, स्थानीय स्कूलों के छात्रों और घाटी में मौजूद अन्य अर्धसैनिक बलों के जवानों ने भी भाग लिया। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल स्थानीय समुदाय लोगों, सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने एक साथ विभिन्न योग आसन और श्वास अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, श्वास अभ्यास सहित कई अन्य योगासन और योगाभ्यास किया।

## सीएम ने लम्बित जल विद्युत परियोजनाओं को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग को उन जल विद्युत डेवलपर्स को परियोजना रद्द करने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं जो गम्भीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं, जिनकी परियोजनाएं कई वर्षों से रुकी हुई हैं। आज यहां ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना निष्पादन में अनावश्यक देरी से प्रदेश के राजस्व को काफी नुकसान हो रहा है। जल विद्युत राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है



और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसका लाभ राज्य के लोगों को मिले। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विभिन्न प्लेटफार्म और मंचों पर राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एक बड़े फैसले में राज्य सरकार ने एसजेवीएनएल को पहले आवंटित 382 मेगावाट क्षमता के सुन्नी, 210 मेगावाट लुहरी स्टेज-1 और 66 मेगावाट क्षमता की धौलासिद्ध परियोजनाओं को वापस लेने का निर्णय लिया है।

**योग दिवस...** सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व किया गया जिसमें 2,500 सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वांस अभ्यास किए गए।

## 'एक सैनिक को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है योग'

**टीम एक्शन इंडिया**

**उधमपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने योग के प्रति सशस्त्र बल जवानों के रुझान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभ्यास सैनिकों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है और युद्ध के मैदान में इसका लाभ देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उधमपुर के उत्तरी कमान मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व किया जिसमें 2,500 सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वांस अभ्यास किए गए। कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और उत्तरी



कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा भी शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के चुनौतीपूर्ण इलाकों में कई अग्रिम स्थानों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए जिसमें सैनिकों की प्रतिबद्धता और उत्साह को दिखाया गया। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बल जवानों के योग के प्रति रुझान की सराहना की और कहा कि इसका उनके अनुशासन और ध्यान पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सैनिकों को रोजाना इसका अभ्यास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि योग एक सैनिक को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। यह अभ्यास स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। दुनिया में लोगों के सामने आने वाली समस्याओं जैसे तनाव, चिंता और अवसाद का सार्वभौमिक समाधान बताया। योग अराजकता में लोगों को स्पष्टता देता है। यह एक कला, एक विज्ञान, एक दर्शन और आध्यात्मिकता है। जो लोग अपने दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करते हैं वह अपने शरीर और मन पर नियंत्रण रखते हैं। यह हमें प्रतिक्रियाशील नहीं बल्कि सक्रिय बनाता है। ऑपरेशन सिंदूर को उस नियंत्रण का एक शानदार उदाहरण बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान संयम, संतुलन और सटीकता का प्रदर्शन किया जो योग के अभ्यास से प्राप्त उनकी आंतरिक शक्ति का प्रतिबिंब है।

### योगाभ्यास

- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के चुनौतीपूर्ण इलाकों में कई अग्रिम स्थानों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 22 जून 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# संत कबीर की शिक्षा इस दौर में भी प्रासंगिक: जैन

## नगर निगम मेयर राजीव जैन ने किया संत गुरु कबीर दास जी को नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ऐसी वाणी बोलिये मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे खुद भी शीतल होय। संत कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख करते हुए नगर निगम मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने संत कबीर को नमन किया। साथ ही उन्होंने जिला एवं प्रदेशवासियों को संत कबीर जयंती की बधाई दी। सुंदर सावरी स्थित कबीर भवन में शनिवार को धानक समाज कबीर संघ के तत्वावधान में संत गुरु कबीर दास जी की मूर्ति स्थापना से पूर्व ढोल, बाजों के साथ नगर परिक्रमा करवाई गई। नगर परिक्रमा शोभायात्रा जिन मार्गों से होकर गुजरी वँहा दुकानदारों ने पुष्प वर्षा करके संत कबीर को नमन किया। राजीव जैन ने कहा कि संत कबीर एक क्रांतिकारी संत थे, जिन्होंने सदैव अंधविश्वास का विरोध किया। संत कबीर ने व्यर्थ के पाखंडवाद का विरोध करते हुए लोगों का उचित मार्गदर्शन किया। उन्होंने समाज में फैली बुराइयों का भी विरोध किया। आज भी हमारे समाज में इस प्रकार की



सामाजिक बुराई मौजूद हैं, जिनको जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। आधुनिकता के इस दौर में भी अंधविश्वास कायम है,

**मार्गदर्शन**

**संत कबीर ने व्यर्थ के पाखंडवाद का विरोध करते हुए लोगों का उचित मार्गदर्शन किया।**

जिससे समाज के उन्नति के मार्ग अवरुद्ध होते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा कि हमारे संतों ने सदैव समाज को सही राह दिखाई है। हमें अपने संतों के दिखाये मार्ग पर चलना चाहिए, जिससे मानव का कल्याण सुनिश्चित होता है। हमें अपने संतों को सदैव स्मरण रखना चाहिए। यही कारण है कि भाजपा ने संतों की जयंती आयोजित करने की अनूठी शुरूआत की है, जिससे हमारी नई पीढ़ी अपने संतों-महापुरुषों से परिचित होती है। इस मौके पर वार्ड- 1 के पार्षद हरि प्रकाश सैनी, प्रधान रामपति, सत्यवान लडवाल, सुभाष, भूप सिंह, अजय सोलंकी, सुरेश, रामपाल बागड़ी, विनीत लडवाल, सुनहरी देवी, मंगत राम, और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/एसईआरडी-II, उत्तर रेलवे, द्वितीय तल, एनडीसीआर बिल्डिंग, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | Widening of Platforms 1& 2 (CPYZ end), Platforms 3, 4 & 5&6 (DLI end), slewing of track and provision of two stabling lines with RPC-4 facility at GZB Station under DY CE SE RD 2 |
| 2 | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 12 (बारह महीने) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 113846470 |
| 4 | बयाना राशि जमा की जानी है | रु. 719200.00 |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 18.06.2025 को 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, जिसकी तकनीकी सह वाणिज्यिक सह वित्तीय बोलियां 09.07.2025 को 15.00 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर 18.06.2025 से 11.07.2025 तक उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा सूचना सं. 80-Acs/ Widening of Platforms -GZB /S.E.Rd-II दिनांक 19.06.2025

1844/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# करतारपुर के पास तीव्र मोड पर हादसों का बढा खतरा,



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)** शनिवार को गढ़ी बीरबल इंद्री मार्ग पर जाते हुए गांव करतारपुर के पास एक ट्रक सड़क किनारे किसान के खेतों में जा घुसा। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर बाल बाल बच गया। मौके पर मौजूद ट्रक चालक ने बताया कि वह गढ़ी बीरबल से इंद्री की ओर जा रहा था लेकिन जैसे ही वह गांव करतारपुर के समीप पहुंचा तो अचानक से तीव्र मोड़ पर ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सीधा सड़क किनारे किसान के खेतों में जाकर घुस गया। नहीं अच्छी बात यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय कोई बाइक सवार या अन्य वाहन इस ट्रक की में नहीं आया नहीं तो यहां एक जानलेवा हादसा भी हो सकता था। करतारपुर के किसान मेमपाल कश्यप ने बताया कि उसने अपने खेत धान लगाने के लिए तैयार किया हुआ था और उसमें पानी भी भरा हुआ था

**लापरवाही**

**सरकार से कई बार लगा चूके है स्पीड ब्रेकर लगाने की गुहार, लेकिन सुनने को नहीं हैं कोई तैयार।**

लेकिन जिस वक्त यह ट्रक खेत में घुसा उस समय खेत में धान लगाने का काम नहीं चल रहा था नहीं तो कोई भी मजदूर इस ट्रक की चपेट में आ सकता था। किसान ने यह भी बताया कि इस सड़क पर जिस जगह यह तीव्र मोड है यहां से कई बार वाहन चालक तेज गति में वाहन लेकर गुजरते हैं इस वजह से इस रोड पहले कई हादसे हो चुके हैं यहां पर स्पीड ब्रेकर की दरकार है कई बार प्रशासन से इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक यहां कोई स्पीड ब्रेकर नहीं लगाया गया है।

# आर्य कॉलेज में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य पी.जी कॉलेज के योगा क्लब, संस्थान नवाचार परिषद आई, एनसीसी इकाई व आयुष विभाग पानीपत, मेरा युवा भारत पानीपत व युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज प्रांगण में पांच दिवसीय योग का 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ शानदार समापन किया गया। भारतीय योग संस्थान के पूर्व संरक्षक नरेश काम्बोज ने विभिन्न क्षेत्रों से आए योग साधकों व कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट के साथ साथ प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं को योग अभ्यास कराया।
नरेश काम्बोज ने विभिन्न प्रतिभागियों को सूक्ष्म क्रियाओं के आसन और प्राणायाम का भी अभ्यास हरियाणा योग आयोग



द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार करवाए गए। यह उन सभी प्रतिभागियों के लिए एक मंत्रमुग्ध करने वाला क्षण रहा जिन्होंने इसमें भाग लिया।
प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि योग कार्यक्रम को भव्य स्तर पर आयोजित करना आर्य पीजी कॉलेज पानीपत के लिए बहुत खुशी और सम्मान की बात है। डॉ. गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को अपने वास्तविक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस योग दिवस का संदेश एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रहा है।
योगा क्लब के टीम ने बताया कि योग एक प्रकार से व्यायाम है, जिसके नियमित अभ्यास से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। हमारी इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में योग के द्वारा ही हम फिट रह सकते है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है पहला सुख निरोगी काया, इसलिए योग ही हमें निरोग रख सकता है।

## अस्पताल के प्रांगण में मनाया गया योग दिवस

**सोनीपत:** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर फिम्स अस्पताल द्वारा आयोजित योग शिविर में अस्पताल के अधिकारियों - कर्मचारियों द्वारा योग प्रशिक्षिका - ममता झा की देख-रेख में योगा के समस्त आसन किए गए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए फिम्स चेयरमेन आर0 पी0 जैन ने कहा कि जहां योगा है, वहां स्वास्थ्य है, और जहां स्वास्थ्य है, वहां मानवीय आंनद की अनुभूति है। उन्होने कहा कि फिम्स आम जनता की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ जनसहयोग के बल पर सरकार, प्रशासन व सामाजिक सरोकारों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी का बाखूबी निर्वहन कर रहा है। उन्होंने सभी से योगा को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।



## रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत :** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पलड़ा निवासी मोहित ने बताया कि वह दहाड़ी-मजदूरी का काम करता है। गत 18 जून को वह अपने गांव पलड़ा से अपने दोस्त सावन के साथ बाइक पर सवार होकर गांव बसौदी में हुक्का पीने के चला पड़ा।

# प्रथम हरियाणा बालिका एनसीसी वाहिनी द्वारा भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रथम हरियाणा बालिका एनसीसी वाहिनी, अंबाला छावनी द्वारा आर्या महिला महाविद्यालय के प्रांगण में गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में आयोजित किया गया। यह आयोजन कमान अधिकारी कर्नल नितेश सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर गुप्ता (एसोसिएट प्रोफेसर, एम.एम. यूनिवर्सिटी, मुलाना) ने सहभागिता की और अपने प्रेरणादायक विचारों से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया। योग अभ्यास का सफल संचालन सुश्री दीपिका प्रताप (जिला अध्यक्ष, पतंजलि



महिला योग समिति) एवं श्री इंदु शेखर (योग प्रशिक्षक एवं पीजीटी) द्वारा किया गया।
कार्यक्रम की शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संदेश के श्रवण से हुई, जिसके पश्चात आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास संपन्न हुआ।
आर्य महिला महाविद्यालय के प्रांगण में लगभग 230 कैडेट्स, अधिकारीगण, एएनओ, स्टाफ ने एक साथ योगाभ्यास करते हुए एक अनुशासित एवं समर्पित वातावरण की मिसाल प्रस्तुत की।
कार्यक्रम के अंत में कमान अधिकारी कर्नल नितेश सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया गया।


उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं.: डी.एल.-33004/99 REGD. No.: D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-18062025-263944
CG-UP-E-18062025-263944
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2643] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 17, 2025/ज्येष्ठ 27, 1947
No. 2643] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 17, 2025/JYAISTHA 27, 1947

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 16 अप्रैल, 2025

**का. आ. 2708 (अ).-** केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) एवं रेलवे संशोधन अधिनियम 2008 (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, वह भूमि, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, उत्तर मध्य रेलवे की विशेष रेल परियोजना, उत्तर प्रदेश राज्य के जिला हाथरस में मौजूदा नई दिल्ली-हावडा (कानपुर-लखनऊ सहित), मार्ग पर गतिसीमा को 160 किमी प्रति घण्टा/200 किमी प्रति घण्टा करने की परियोजना के लिए सब सेक्शनिंग व पैरललिगं पोस्ट (SSP) का निर्माण किये जाने हेतु, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की दिनांक से तीस दिन की अवधि के अन्तर्गत, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप-धारा (1) के अधीन उपर्युक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के सम्बन्ध में आक्षेप कर सकेगा।

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् उप जिलाधिकारी/सासनी/वि0भू0 अ0अ0 हाथरस, उत्तर प्रदेश को लिखित रूप में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित होंगे और सक्षम प्राधिकारी, ऐसे आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी कोई जाँच, जिसे वह उपयुक्त समझे, अपने आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20घ (3) के अनुसार, धारा 20घ की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी अर्थात् उप जिलाधिकारी/सासनी/वि0 भू0 अ0 अ0 हाथरस के कार्यालय मे उपलब्ध हैं और हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

उत्तर मध्य रेलवे की विशेष रेल परियोजना, उत्तर प्रदेश राज्य के जिला हाथरस में मौजूदा नई दिल्ली-हावडा (कानपुर-लखनऊ सहित), मार्ग पर गतिसीमा को 160 किमी प्रति घण्टा/200 किमी0 प्रति घण्टा करने की परियोजना के लिए जाने वाली भूमि का संरचना सहित या उसके रहित, संक्षिप्त विवरण।

जिला- हाथरस राज्य- उत्तर प्रदेश

| क्रम सं. | तहसील | परगना | ग्राम | खसरा सं0 | अर्जन के लिए प्रस्तावित क्षे0 (हे0 में) | भूमि की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | हाथरस | हाथरस | पुराकलां | 385 | 0.0151 | कृषि भूमि |
| 2 | हाथरस | हाथरस | पुराकलां | 389 | 0.0219 | कृषि भूमि |
| 3 | हाथरस | हाथरस | पुराकलां | 390 | 0.0180 | कृषि भूमि |
| | | | | योग | 0.0550 | |
| | | | कुल योग | | 0.0550 | |

[ई.फा.सं.-एन.सी.आर.-एच.क्यू.शून्य.सी.ई.एल.ई.(मिस्क)/133/2023-ओ./ओ.डिप्टी.सी.ई.ई./कांस्ट/सी.एन.बी. कम्प्यूटर सं. 98960)]

1061/25(A) विपिन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन और आत्मा को जोड़ता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला के तत्वावधान में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन प्राधिकरण सुश्री कंचन माही व माननीय मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट एवं सचिव प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अमित शर्मा, अरविंद कुमार बंसल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुश्रीमति गीतांजलि गोयल, सीजेएम, प्रेसिडेंट जिला बार एसोसिएशन अम्बाला,




अधिवक्ताओं तथा कोर्ट स्टाफ के साथ कुल 55 लोगों ने भाग लिया। प्रवीण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला ने बताया कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। उन्होने बताया कि चल रहे कानूनी साक्षरता और जागरूकता शिविरों के दौरान, पैनल अधिवक्ताओं और पैरालीगल वॉलंटियर (पीएलवी) को भी मौखिक रूप से लोगों को योग के विभिन्न स्वास्थ्य लाभों, भावनात्मक कल्याण में इसके योगदान और तनाव मुक्त जीवन जीने में इसकी भूमिका के बारे में शिक्षित करने के लिए निर्देशित किया गया है।


उत्तर रेलवे

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली - 110 001
Mail ID : salenr365@gmail.com

संख्या : 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025-26 दिनांक : 19.06.2025

नीलामी सूचना सं०- अगस्त-2025

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई-नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

अगस्त 2025 की ई-नीलामी

| क्र. सं० | नीलामी करने वाला डिपो / डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 11 | 18 | 25 | 30 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 6 | 13 | 22 | 27 | 30 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 12 | 18 | 26 | 30 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 8 | 13 | 19 | 25 | 29 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 7 | 14 | 20 | 26 | 29 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 12 | 21 | 27 | 29 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 7 | 14 | 20 | 25 | 29 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दिल्ली 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 13 | 19 | 25 | 29 |

नोट: 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 4. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

(नरेंद्र सिंह)
1869/2025 उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने यमुना के तट पर और मंत्रियों ने अलग-अलग स्थानों पर किया योग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को जन-जन की जीवनशैली और वैश्विक चेतना का अभिन्न अंग बना दिया है, आज पूरा विश्व भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को नमन कर रहाः सीएम

योग दिवस

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सोनिया विहार में यमुना नदी के तट पर योग किया





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सोनिया विहार में यमुना नदी के तट पर योग किया। इस मौके पर उनके साथ कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद रहे। वहीं दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों, भाजपा सांसदों और विधायकों ने भी योग दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री गुप्ता ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को जन-जन की जीवनशैली और वैश्विक चेतना का अभिन्न अंग बना दिया है। आज पूरा विश्व भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को नमन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मां यमुना हमारी आस्था का प्रतीक हैं। भाजपा ने दिल्ली की सत्ता संभालते ही यमुना नदी को अविरल और निर्मल बनाने का बीड़ा उठाया है। सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। पहली बार यमुना नदी को साफ करने के लिए आधुनिक मशीनों और नई-नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब एक नई दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह स्वास्थ्य, संतुलन और आत्मबल का मार्ग है।

आज योग दिवस पर राजधानी के 11 स्थलों पर आयोजित भव्य योग उत्सव में लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि जब सरकार और समाज एक साथ चलते हैं, तो संस्कृति जन-जन का संकल्प बन जाती है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सेवाभावी संगठनों और समर्पित योग साधकों को विशेष धन्यवाद दिया। इस मौके पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली ने मां यमुना के पक्ष में व योग के पक्ष में जनादेश दिया। जनता के जनादेश की ताकत से यमुना किनारे योग करते हुए हजारों लोगों को देश ने देखा। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद दिल्ली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोई आधिकारिक कार्यक्रम किया है।

**मंत्रियों ने किया योगः** लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने त्यागराज स्टेडियम में योग साधकों के साथ योग किया। उन्होंन कहा कि यह दृश्य केवल एक योग सत्र का नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में स्थापित हो चुकी ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व की भावना का सजीव प्रमाण है। आज पूरी दुनिया योग के माध्यम से भारत की प्राचीन परंपरा से जुड़ रही है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने छत्रसाल स्टेडियम में हजारों योग साधकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर ऊर्जा, एकता और भारतीय संस्कृति की गरिमा का अनूठा अनुभव किया। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि डायरेक्टरेट ऑफ एजुकेशन दिल्ली द्वारा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में 11 साल में पहली बार योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अशोक नगर के हॉकी मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने की एक दिव्य प्रक्रिया भी है। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से आज योग वैश्विक मंच पर भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है, यह हम सभी के लिए बड़े ही गौरव की बात है। स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने दीनदयाल पार्क में योगाभ्यास करके सभी को स्वस्थ और संतुलित जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक व्यायाम न समझें, बल्कि इसे जीवन जीने की समग्र पद्धति मानें। योग केवल साधना नहीं, बल्कि तन-मन और आत्मा को स्वस्थ रखने का एक प्रभावी माध्यम है। समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बवाना में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है, बल्कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना को भी सशक्त करता है। योग करने से साहस पैदा होता है, जो पिता की तरह हमेशा हमारी रक्षा करता है। क्षमा का भाव पैदा होता है, जैसे एक मां अपने बच्चों के लिए रखती है और मन की शांति हमारी स्थायी मित्र बन जाती है।

## दिल्ली को स्वस्थ और नशा मुक्त बनाने का लें संकल्पः समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बवाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में दिल्लीवासियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर उन्होंने जनता से दिल्ली को स्वस्थ और नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। रविंद्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहल के अंतर्गत आज संपूर्ण विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग न केवल शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है, बल्कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना को भी मजबूत करता है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि योग स्वस्थ रखने के साथ शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान से बचाता है। नियमित योग करने वाला व्यक्ति दवाइयों और अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहता। साथ ही योग ने भारतीयों को पूरी दुनिया में पहचान और रोजगार दिया है। रविंद्र इंद्राज ने कहा कि योग व्यक्ति को संयमित, अनुशासित और सकारात्मक बनाता है। इससे नशा, अवसाद और अन्य सामाजिक बुराइयों से बचाव होता है। इसलिए पूरी दुनिया ने इसे अपनाया है। उन्होंने नशामुक्त दिल्ली बनाने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि दिल्ली को स्वस्थ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए नई पीढ़ी की नशे की लत से दूरी जरूरी है। जन सहयोग और मीडिया के सहयोग से राज्य सरकार इस दिशा में प्रयासरत है।

## योग राजनीति नहीं, हमारे स्वास्थ्य का विषयः मनजिंदर सिंह सिरसा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को अशोक नगर के हॉकी ग्राउंड में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय निवासियों, युवा समूहों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ योग अभ्यास किया। सिरसा ने कहा कि योग राजनीति नहीं है, ये हमारे स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। दिल्ली के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय राजधानी में 11 साल बाद उत्साह से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। ये अपने आप में ऐतिहासिक है। सिरसा ने यहां संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया योग दिवस मना रही थी, तब दिल्ली की पिछली सरकार ने सिर्फ इसलिए इसे नजरअंदाज किया क्योंकि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल थी। उस सोच ने लोगों को उस चीज से दूर कर दिया जो हमारी संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के नेतृत्व में दिल्ली के कई प्रमुख स्थानों और कॉलोनियों में हजारों लोगों ने उत्साह से योग दिवस में हिस्सा लिया। ये देखकर गर्व होता है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में योग कर रहे हैं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यमुना किनारे हैं, तब दिल्ली के हर कोने में लोग इस परंपरा को अपना रहे हैं।

## सेक्स रैकेटः आरोपित अब्दुल की जमानत याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तीस हजारी स्थित विशेष अदालत ने पहाड़गंज सेक्स रैकेट मामले में आरोपित अब्दुल मन्नान की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आरोपित के खिलाफ प्रथम दृष्टया गंभीर अपराध हैं।विशेष न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपित को सेक्स वर्करों की कमाई से वेतन मिलता था, और वह सक्रिय रूप से इस अवैध धंधे में शामिल था। अदालत ने कहा कि भले ही पीड़िताएं बालिग थीं और उन्होंने अपनी मर्जी से यह कार्य किया हो, लेकिन इससे अपराध की प्रकृति कम नहीं होती। अदालत ने पुलिस उपायुक्त को आदेश दिया कि वो ये जांच करें कि इस मामले में सेक्स वर्करों को आरोपित क्यों नहीं बनाया गया है। अदालत ने पुलिस उपायुक्त को जांच रिपोर्ट आठ जुलाई 2025 को अदालत में पेश करने का आदेश दिया। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान पहाड़गंज के एक होटल से 16 लड़कियों को छुड़ाया गया था। मौके से एक रजिस्टर भी बरामद हुआ जिसमें कई लड़कियों के नाम और उनके सामने अर्जित धनराशि दर्ज थी, जिससे स्पष्ट होता है कि अवैध गतिविधियों के माध्यम से कमाई हुई थी। पुलिस ने बताया कि अब्दुल मन्नान उन चार लोगों में शामिल था, जिन्हें मौके से गिरफ्तार किया गया था।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर परिसर में पुलिस अधिकारियों ने योग किया।

## इमारत से कूदकर युवक ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले के मैदानगढ़ी इलाके में आज सुबह एक 22 वर्षीय युवक ने इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मैदानगढ़ी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत जांच शुरू की गई। जांच में मृतक की पहचान छतरपुर निवासी राज प्रसाद के रूप में हुई है। वह फिल्म शूटिंग लाइन में लाइट टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि युवक मूल रूप से उत्तराखंड के रुद्रपुर का निवासी था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस अधिकारी के अनुसार घटनास्थल पर क्राइम टीम को भी बुलाया गया। जिन्होंने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

## एनडीएमसी ने 10 हजार प्रतिभागियों के साथ मनाया योग दिवस




योग प्रोटोकॉल

जे पी नड्डा ने संपूर्ण योग कार्यक्रम में भाग लिया और योग प्रोटोकॉल प्रदर्शन में भी भाग लिय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ( एनडीएमसी) ने शनिवार को "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" की थीम पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और सात योग संस्थानों के समन्वय में आठ प्रमुख स्थानों पर लगभग 10 हजार प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और आयुष मंत्रालय के सचिव, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के स्वयंसेवकों के साथ नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर एनडीएमसी द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। जे पी नड्डा ने संपूर्ण योग कार्यक्रम में भाग लिया और योग प्रोटोकॉल प्रदर्शन में भी भाग लिया। कार्यक्रम से पहले जे पी नड्डा ने कहा कि भारत योग को एक अलग पहचान देता है। आज पूरी दुनिया में लोग अपनी शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती के लिए योग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में बड़ी आबादी योग की ओर बढ़ रही है। एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि एनडीएमसी द्वारा मुख्य कार्यक्रम लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, आईएएस आवासीय परिसर-न्यू मोती बाग, संजय झील - लक्ष्मी बाई नगर, पंडारा पार्क और सेंट्रल पार्क कनॉट प्लेस जैसे आठ प्रमुख स्थानों पर आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि प्रमुख स्थानों के अलावा, एनडीएमसी ओल्ड एज होम, वर्किंग वूमेन हॉस्टल, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और विभिन्न कार्यालयों में भी योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित किए गए। चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने प्रतिभागियों के लिए आठ स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर विशाखापत्तनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया।

## अक्षय पात्र फाउंडेशन के कर्मचारियों ने किया योग



सामूहिक योग

फाउंडेशन के दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के पांचों केंद्रीयकृत रसोईघर के कर्मचारियों ने सामूहिक योग अभ्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को अक्षय पात्र फाउंडेशन के दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के पांचों केंद्रीयकृत रसोईघर के कर्मचारियों ने सामूहिक योग अभ्यास किया। यह अभ्यास अक्षय पात्र के कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए किया गया। यह सामूहिक योग सत्र एनपी बंगाली स्कूल, दिल्ली परिसर में आयोजित किया गया। जहां योग गुरु सौरव गोयल एवं उनकी टीम ने सहभागियों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। कर्मचारियों ने न केवल योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया, बल्कि आत्मिक संतुलन के महत्व को भी गहराई से अनुभव किया। इस अवसर पर अक्षय पात्र फाउंडेशन के डिविजन हेड गोविंद दत्ता दास ने श्रीमद्भगवद गीता के छठे अध्याय का श्लोक उद्धृत करते हुए कहाः "योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना...भक्त्या मां यः पश्यति स मे युक्ततमः मतः ह्व "सभी योगियों में जो गहन श्रद्धा के साथ अंतर्मन से मेरा चिंतन करता है और प्रेमपूर्वक मेरी सेवा करता है। वही योग में मुझसे सबसे अधिक जुड़ा होता है और श्रेष्ठ योगी होता है।"

उन्होंने कहा कि जब आज पूरी दुनिया योग को केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में देखती है। तब हमारे रसोईघर के कर्मचारी योग के वास्तविक उद्देश्य आत्म-संयम, सेवा भाव और ईश्वर से जुड़ाव को अपनाकर एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि
यह अभ्यास व्यक्तिगत जीवन को संतुलित करने के साथ समाजसेवा में उनकी प्रतिबद्धता को भी और अधिक दृढ़ करता है।

## फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर घोटाला करने वाले दो ठग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने फर्जी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) फर्म बनाकर टैक्स में घोटाला करने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पानीपत निवासी संदीप (27) और बुराड़ी निवासी इंदरपाल (45) के रूप में हुई है। इंदरपाल पेशे से वकील है और उसे इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। आरोपित पैन कार्ड, आधार कार्ड, सिम और ईमेल जैसे असली दस्तावेजों की मदद से फर्जी जीएसटी फर्म बनाते थे। इन फर्मों का उपयोग बाद में फर्जी बिल तैयार करने और जीएसटी सेटलमेंट के लिए किया जाता था। ये लोग टेली सॉफ्टवेयर की मदद से बिल बनाते और उन्हें जीएसटी पोर्टल पर अपलोड करते थे। दक्षिण-पश्चिम जिल के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि कुछ समय पहले सागरपुर निवासी सुमित की शिकायत के बाद यह मामला सामने आया।

उन्होंने शिकायत में बताया कि उनके पैन कार्ड पर उनकी जानकारी के बिना दो जीएसटी नंबर जारी हो चुके हैं और इनका उपयोग अलग-अलग फर्मों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही उनके आधार कार्ड से सिम कार्ड भी जारी कर लिया गया था।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली भाजपा ने किया भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मृति स्थल पर पहली बार आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग और सह कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी इस योग सत्र में भाग लिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन जीवनशैली है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक सशक्तिकरण का भी साधन है। नियमित योग अभ्यास आत्मविश्वास बढ़ाने और आत्म-नियंत्रण में सहायक होता है।

## योग सिर्फ एक दिन का नहीं, बल्कि जीवनभर का अभ्यास : महापौर




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने शनिवार को डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया। योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना और सूर्य नमस्कार से हुई। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, मध्य जोन अध्यक्ष योगिता सिंह और निगमायुक्त अश्विनी कुमार उपस्थित थे। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग सिर्फ एक दिन का नहीं, बल्कि जीवनभर का अभ्यास है।उन्होंने कहा कि यह भारतीय संस्कृति की अमूल्य विरासत है जो शरीर, मन और आत्मा में संतुलन लाती है। महापौर ने कहा कि लोग दैनिक जीवन में योग अभ्यास को शामिल करके अधिक कुशलता और ऊर्जा के साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने योग और स्वस्थ जीवन के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने में दिल्ली नगर निगम की पहल की सराहना की। नगर निगम स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए एक सरल, प्रभावी और वैज्ञानिक मार्ग हमारी सांस्कृतिक जड़ों में निहित है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा आयोजित इस योग कार्यक्रम में भाग लेकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। शर्मा ने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और एक स्वस्थ भारत में योगदान देने की अपील की। निगमायुक्त अश्वनी कुमार ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने जीवन में योग को अपनाने और नियमित रूप से इसका अभ्यास करके अपने शरीर और मन को स्वस्थ बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य्य मौजूद थे। उपस्थित सदस्यों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए योग का अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के अंतराष्ट्रीय योग दिवस का विषय "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। जो इस बात पर जोर देता है कि जिस तरह पृथ्वी एक है। उसी तरह हमारा स्वास्थ्य भी देखभाल और संतुलन की मांग करता है।

**महापौर ने निगम विद्यालय के बच्चों के साथ किया योग**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शाहदरा दक्षिणी मयूर विहार फेज 1 स्थित निगम विद्यालय का दौरा किया। वहां उपस्थित लगभग दो सौ निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ उन्होंने योगासन किए।

# हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रहा कई मायनों में खास

**कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की अनेक घोषणाएं, विश्वविद्यालयों में योग पर शोध को बढ़ावा देने के लिए योग लेखक प्रोत्साहन योजना होगी शुरू, हर वर्ष ऐसे उत्कृष्ट लेखकों का सम्मान किया जाएगा, इस वित्त वर्ष में प्रदेश में स्थापित की जाएंगी 100 नई योग एवं व्यायामशालाएं, सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए क्रेडिट आधारित प्रणाली होगी शुरू, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषयों को आयुष चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत दी जाएगी मान्यता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया और आज का दिन कई मायनों में खास रहा। जहां एक ओर गीता की स्थली कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लगभग 1 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ योग करके विश्व को संदेश दिया तो वहीं 22 जिलों और 121 खंडों में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 20 लाख से अधिक लोगों ने योग करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।





राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, सांसद नवीन जिंदल, योग गुरु स्वामी रामदेव, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण ने दीप प्रज्ज्वलन कर और भगवान धन्वंतरि को पुष्प अर्पित किए। इस राज्यस्तरीय योग दिवस में योग गुरु स्वामी रामदेव ने सभी लोगों को योग करवाया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में योग पर शोध को बढ़ावा देने के लिए योग लेखक प्रोत्साहन योजना लागू की जाएगी। इसके तहत हर वर्ष ऐसे उत्कृष्ट लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, चालू वित्त वर्ष में 100 नई योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित की जाएंगी। अभी तक प्रदेशभर में 883 योग एवं व्यायामशालाएं खोली जा चुकी हैं। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र के लिए एक विशाल हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए क्रेडिट आधारित प्रणाली को शुरू किया जाएगा। साथ ही, हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में भी योग को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के रूप में लागू किया जाएगा। इसके लिए एक समान योग पाठ्यक्रम शीघ्र तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषयों को इस वर्ष से ही आयुष चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता दी जाएगी।

## कुरुक्षेत्र में मनाए गए राज्य स्तरीय योग दिवस को योग धर्म से युग धर्म बनाने की विश्व स्तर पर मिली पहचानः नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र ने विश्व स्तर पर योग धर्म से योग युग बनाने की पहचान बनाई है, जो प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव और गर्व की बात है। भाजपा की सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र का समान रूप से विकास करवा रही है। केंद्र में सरकार अपने 11 वर्ष पूरे कर चुके हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि हासिल करने के कार्य किए गए और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुना गति से विकास कार्य करवा रही है। इससे प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के निवास स्थान पर बोल रहे थे।



न्यूज फ्लैश

## न्यूज फ्लैश

### रेवाड़ी के खोरी गांव में उप-स्वास्थ्य केंद्र को मंजूरी मिली

**चंडीगढ़ :** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के दूरदर्शी नेतृत्व में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने रेवाड़ी जिले के खोरी गांव में उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को मंजूरी देकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से औपचारिक मंजूरी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और हर नागरिक की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को उनकी त्वरित मंजूरी और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, जिससे इस अति आवश्यक परियोजना के समय पर क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह उप-स्वास्थ्य केंद्र टीकाकरण, बुनियादी चिकित्सा उपचार और निवारक देखभाल के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा। यह पहल हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम ह्यस्वस्थ हरियाणाह्न के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। रेवाड़ी जिला के गांव खोरी के ग्रामीण लंबे समय से अपने क्षेत्र में अपनी प्राथमिक चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक स्वास्थ्य सुविधा की स्थापना का अनुरोध कर रहे थे। उन्होंने इस मुद्दे पर कुछ महीने पहले स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव से भी मुलाकात की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई की और सुनिश्चित किया कि प्रस्ताव को तेजी से मंजूरी मिले। लंबे समय से चली आ रही इस मांग के पूरा होने से अब हजारों निवासियों को घर के नजदीक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ और संसाधन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया है कि यह स्वास्थ्य केंद्र शुरू से ही प्रभावी ढंग से काम करे।

### यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाना सरकार की प्राथमिकता : राव नरबीर सिंह

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में सुदृढ़ सड़क ढांचा नागरिकों की बुनियादी आवश्यकता है। सरकार की प्राथमिकता शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाना है। मंत्री ने आज गुरुग्राम के साउथ सिटी-1 स्थित ब्लॉक-एन, वार्ड संख्या 12 में प्रस्तावित 18 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि यह सड़क स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांगों में से एक थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह सड़क साउथ सिटी-1 के निवासियों को आवागमन में सहूलियत देगी और ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करेगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने स्थानीय निवासियों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। नागरिकों ने सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, जलभराव, कूड़ा प्रबंधन और पार्कों की देखरेख जैसे मुद्दे उठाए। मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ जनसमस्याओं को भी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद लोकतंत्र की आत्मा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर नागरिक की बात सुनी जाए और उस पर समयबद्ध कार्रवाई हो। इस अवसर पर गुरुग्राम के एसडीएम परमजीत चहल, बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग को जीवनचर्या में शामिल करें : मोहन लाल बड़ौली

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मनाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली शनिवार को दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (सोनीपत) में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए और योग क्रियाएं की। उन्होंने कहा कि योग हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ रखने के साथ ही हमें मानसिक और आत्मिक रूप से भी मजबूत रखता है, इसलिए योग को अपनी जीवनचर्या में शामिल करना चाहिए। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग ने संपूर्ण विश्व में एक नई पहचान और गौरव हासिल किया है।

## योग दिवस समारोह में सहयोग के लिए सीएम सैनी ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 जून, 2025 को पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में मनाया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में 21 जून को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी व उनके परिजन विश्वविद्यालय के फाईन आर्टस विभाग में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर अंतर्राष्ट्रीय योग महाकुंभ में भागीदारी करने के ब्रहमसरोवर पहुंचे तथा राज्य स्तरीय योग महाकुंभ में मिलकर योग किया।
राज्य स्तरीय योग समारोह में हरियाणा के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, योग गुरु बाबा रामदेव, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा की आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, हरियाणा योग आयोग के चेयरमेन श्री जयदीप आर्य, आचार्य बालकृष्ण, जिला उपायुक्त नेहा सिंह द्वारा राज्य स्तरीय योग समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए सहयोग व योगदान के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को सम्मानित किया।
राज्य स्तरीय योग समारोह में कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, डॉ. ममता सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक




अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन आफ कालेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. सुनील ढींगरा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. निरूपमा भट्टी, कुलपति के ओसएडी पवन रोहिला सहित सभी डीन, निदेशक, प्राचार्या, कुलपति कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग, डीन एकेडमिक अफेयर्स कार्यालय, गृह विज्ञान विभाग, यूआईईटी, परिणाम शाखा, छात्रवृत्ति अनुभाग, गणित, मनोविज्ञान, ललित कला, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, रसायन विज्ञान विभाग, राजनीति विज्ञान, एआईएच संस्कृति और पुरातत्व विभाग, खेल निदेशालय, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व, शिक्षा विभाग, आईआईएचएस, बागवानी विभाग, आईटीटीआर, प्राणीशास्त्र, विधि, भूभौतिकी विभाग, सामान्य शाखा, प्राणीशास्त्र, राजनीति विज्ञान, सामान्य शाखा, भूगोल विभाग, महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र, लोक प्रशासन विभाग, महिला व पुरुष छात्रावास, संगीत और नृत्य विभाग, यूनिवर्सिटी स्कूल, यूएसम, आईएमएस, छात्रवृत्ति अनुभाग, लेखा शाखा, जनसंचार और मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान, शिक्षा विभाग, लोक सम्पर्क विभाग, विदेशी भाषा और कला विभाग, शैक्षणिक अनुभाग, अंग्रेजी विभाग, जेएलएन पुस्तकालय, स्थापना शाखा, पंजाबी विभाग सहित सभी विभागों के शिक्षक, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों सहित लाखों लोगों ने भागीदारी की।

**योग दिवस**

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में शिक्षकों,कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने किया योग**

## राष्ट्रीय चिकित्सा चिकित्सा संघ नीमा ने योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** सामुदायिक केंद्र में राष्ट्रीय एकीकृत चिकित्सा संघ निमा सोनीपत शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग दिल्ली के कैंसर डिपार्टमेंट के डॉक्टर अनादि पाचोरिया और डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में योग के प्रति जागरूकता फैलाना तथा शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर अनेक स्थानीय नागरिकों, चिकित्सकों एवं योग प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास योग शिक्षिका बबीता जी से कराया गया, जिन्होंने जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया। निमा की टीम एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई।



## सीआईएसएफ यूनिट ने मनाया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**चंडीगढ़ :** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज सीआईएसएफ यूनिट पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ द्वारा चंडीगढ़ के बोगन विला पार्क में एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। योग क्रियाएं करके जवानों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मौके पर यूनिट कंमाडर श्री ललित पंवार ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। इसलिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग कार्यक्रम में सभी रैंकों और यूनिट के सदस्यों ने भाग लिया।

## बीजेपी ने फायरिंग को बना दिया लोगों की दिनचर्या का हिस्साः हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार ने कानून व्यवस्था को सात तालों के भीतर बंद करके चाबी बदमाशों के हाथों में पकड़ा दी है। प्रदेश में अपराध इस कद्र बेकाबू है कि फायरिंग और हत्याएं अब लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। जींद के खरकरामजी गांव में हुई कारोबारी की हत्या ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा में भाजपा राज नहीं बल्कि गुंडा राज चल रहा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इन दोनों बीजेपी सरकार सोशल मीडिया पर कार्टून पोस्ट करके वही बातें बोल रही है, जो हमने कांग्रेस कार्यकाल के दौरान कही थी। कांग्रेस सरकार के दौरान बदमाशों को स्पष्ट चेतावनी दे दी गई थी कि या तो बदमाशी छोड़ दो या फिर हरियाणा छोड़ दो। हमने सिर्फ ये बात कही ही नहीं थी, बल्कि इसे लागू भी करके दिखाया था। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश से गैंगस्टर, माफिया और बदमाशों का पूरी तरह सफाया कर दिया था। लेकिन बीजेपी सरकार कार्टून बनाकर कोरी डायलॉगबाजी कर रही है। अगर उसे नकल ही करनी है तो कांग्रेस की नीति की नकल करनी चाहिए और प्रदेश से कांग्रेस सरकार की तरह अपराध का सफाया करना चाहिए। लेकिन कानून व्यवस्था व लोगों की सुरक्षा कभी भी बीजेपी की प्राथमिकता रही ही नहीं। जिस बीजेपी को जनता ने सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, वह के अहंकार में मदमस्त होकर इवेंजबाजी में लगी हुई है। सरकार खुद प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर अपराध को संरक्षण दे रही है। इसीलिए कभी रोहतक से खबर आती है कि बदमाशों ने शराब के ठेके पर फायरिंग करके, इंस्टाग्राम पर वीडियो डाला। कभी हांसी से खबर आती है कि व्यापारी से 50 लाख की फिरौती मांगी गई।

## सरकार जिम्मेदारी से भाग रही हैः कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। फार्मासिस्टों की भारी कमी के चलते प्रदेश के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह स्थिति प्रदेशवासियों के जीवन और स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। फार्मेसिस्टों की कमी से दवा वितरण, खरीद और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। फार्मासिस्टों की जगह पर सरकार



बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों से काम ले रही है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के अपने दावों में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में 36 प्रतिशत फार्मासिस्टों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, और बीते चार वर्षों से एक भी नियुक्ति नहीं हुई है। इससे न केवल दवाओं के वितरण में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि लाखों मरीजों को बिना दवा के लौटना पड़ रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा विधानसभा में भर्तियों का आश्वासन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। भर्ती प्रक्रियाएं फाइलों में उलझी हुई हैं और योग्य युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों का न होना एक गंभीर लापरवाही है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सांसद ने कहा कि अस्पतालों में मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी है, अभी तक डॉक्टरों के काफी पद खाली है, दूसरी ओर पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। कही पर रेडियोलाजिस्ट नहीं है तो कही पर पैथोलाजिस्ट नहीं है। अधिकतर अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। कुछ उप स्वास्थ्य केंद्र तो ऐसे है जो फार्मासिस्ट के सहारे चल रहे है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से अब पूरा विश्व मना रहा योग दिवसः निखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (संजीव कौशिक)**
11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोहाना स्थित शहीद मदन लाल ढींगडा पार्क में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए सोनीपत विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से योग दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वभर में योग का प्रचार किया है, जिनके प्रयासों से विश्वस्तर पर योग को स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में अपनायें। यह एक दिन करके छोड़ देने की चीज नहीं है। यदि हम रोजाना योग करेंगे तो खुद को बिमारियों से दूर रख सकते हैं। देशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए ही योग को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी आज भी योग का प्रचार कर रहे हैं। उनके प्रयास रंग लेकर आये हैं। अब पूरी दुनिया योग के महत्व को स्वीकारती है। विधायक ने कहा कि योग हमारी प्राचीनतम विद्या है जिसको हम भूलने लगे थे, किंतु प्रधानमंत्री के प्रयासों से पुनः योग के प्रति जागरूकता की अलख जगी है। योग हमारी संस्कृति से जुड़ा है।



## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, परिसर में मनाया योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ परिसर में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री शील नागू की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के सदस्यगण, तथा उच्च न्यायालय के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे और सभी ने विभिन्न योग आसनों व ध्यान अभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। "योग फॉर वन अर्थ, वन हेल?थ" की थीम पर आधारित योग दिवस को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के दिशा-निदेर्शों के अनुसार मनाया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा प्रतिभागियों को योग के लाभों से अवगत कराया गया। योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है, जो न केवल शारीरिक विकास और मानसिक शांति में ही योगदान नहीं देता, बल्कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास में भी सहायक है। आज के समय में जब मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अत्यधिक तनाव बढ़ रहा है, इस समय में योग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि अपने भीतर, प्रकृति और पूरे विश्व के साथ एकत्व का अनुभव करने का मार्ग है।

## कोर्ट परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः हरियाणा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पासपोर्ट के निर्देश, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर स्थित ए. डी. आर. केंद्र में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस कार्यक्रम में जिला कोर्ट के पहाड़ी अधिकारी व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया` इस अवसर पर श्री नरेंद्र सिंह, कोटा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नोएडा, श्री आजाद सिंह, धार्मिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, किशोर वी मिस अर्शबीर कौर संधू, धार्मिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, किशोर द्वारा योगाभ्यास किया गया एवं योग को अपने में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया` इस अवसर पर योगाचार्य श्री कृष्ण पांचाल ने सभी प्रमुख योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास और योग, आसान से होने वाले लाभों के बारे में वैज्ञानिक प्रमाणों के आधारों से बताया` इसके अलावा जिला विधिक इंजीनियर्स, दीयेया जिले के बाल सरंक्षण स्टॉक, जिला जेल वी ग्राम लीग के अलावा अन्य देशों में भी योग शिविरों में इसके बाद कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।



# भारतवर्ष महापुरुषों, ऋषि-मुनियों की धरा : जगमोहन आनंद

**संदेश**

**करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाओ का संदेश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने स्थानीय नई अनाज मंडी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया तथा उन्होंने भगवान धन्वंतरि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि भारतवर्ष महापुरुषों, ऋषि-मुनियों की धरा है। यहां समय-समय पर अनेक दिव्य आत्माओं ने जन्म लिया है और अपनी साधना व शिक्षाओं के माध्यम से लोगों को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। उन महापुरुषों के विचारों से प्रेरित होकर अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं लंबे समय से लोगों को आध्यात्मिक एवं जीवन मूल्यों का संदेश देती आ रही हैं। उनमें से योग ऐसी ही एक जीवन शैली है, जिसको अपनाकर व्यक्ति के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन संभव है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरा विश्व योगमय हो रहा है। इस बात का श्रेय उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले भाषण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की जोरदार पैरवी की थी, जिसका 177 देशों ने समर्थन किया था और जिसके फलस्वरूप 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। मानव जीवन स्वस्थ हो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया, खेलों इंडिया जैसी मुहिम देश में चलाई हैं, ताकि हमारा युवा नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान दे।

उन्होंने हरियाणा में योग के प्रचार प्रसार तथा योग के क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि आज योग दिवस पर राज्य के 22 जिलों और 121 खंडों में एक साथ आयोजित योग कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में लोग भाग ले रहे हैं।

इससे पहले कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशाखापटनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन को लाईव सुना गया।

## बजाज आलियांज ने हिमाचल के लिए लॉन्च किया एक विशेष हेल्थ इंश्योरेंस प्लान

**धर्मशाला:** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी आपके लिए नाम से एक नया हेल्थ प्लान लेकर आई है यह हिमाचल प्रदेश के लोगों की खास स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया एक अग्रणी हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट है आपके लिए बस एक हेल्थ प्लान नहीं है,बल्कि हिमाचल प्रदेश के लोगों से किया गया एक वादा है,जो राज्य की विशेष मेडिकल स्थितियों के अनुसार कवरेज और उच्च क्वालिटी हेल्थ केयर सुनिश्चित करता है इस बात को समझते हुए कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां, खर्च और उपचार की उपलब्धता अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होती है,बजाज आलियांज ने हर किसी के लिए एक जैसे प्लान की बजाय, पर्सनलाइज्ड कवरेज प्रदान करने के लिए आपके लिए को तैयार किया है यह प्लान।

हिमाचल प्रदेश के निवासियों के लिए अस्पतालों की स्थिति और किफायत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है,ताकि लाभार्थियों को आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा मिल सके ।किफायत और एक्सेसिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया,"आपके लिए"विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए कस्टमाइज किए गए प्रीमियम सहित व्यापक कवरेज प्रदान करता है यह पॉलिसी व्यक्तिगत और फ्लोटर दोनों प्रकारों में उपलब्ध है।

# हत्या के मामले में पैरोल पर आकर 7 साल से फरार चल रहा आरोपी काबू

**गिरफ्तार**

**आरोपी 14 दिसंबर 2017 को 2 हफ्ते की पैरोल पर जेल से बाहर आया था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट टीम द्वारा हत्या के एक मामले में पैरोल पर आकर 7 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व व सहायक उप निरीक्षक खेमचंद की अध्यक्षता में टीम द्वारा आरोपी प्रदीप उर्फ आकाश उर्फ संजय पुत्र मोहनलाल वासी गांव नूरवाला जिला पानीपत हाल प्रेम नगर करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर पानीपत के सेक्टर 29 से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2011 में मुकदमा नंबर 944 भादसं की धारा 148, 149, 450, 302, 307, 324, 326, 506 भारतीय दंड संहिता थाना शहर पानीपत जिला पानीपत में दर्ज था। इस मामले में आरोपी 20 साल की सजा जिला जेल करनाल में काट रहा था। आरोपी 14 दिसंबर 2017 को 2 हफ्ते की पैरोल पर जेल से बाहर आया था, लेकिन पैरोल अवधि खत्म होने उपरांत भी आरोपी वापस जेल में नहीं गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना शहर करनाल में 23 जनवरी 2018 को पैरोल एक्ट की धारा 8 व 9 के तहत मामला दर्ज किया गया था। तभी से आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी थे। आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दोबारा पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए बिहार के बांका जिले में शादी करके रह रहा था व मजदूरी आदि करके अपना जीवन निर्वाह कर रहा था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# यमुना में प्रदूषण रोकने के लिए ठोस प्लान तैयार करें अधिकारी: सांसद नवीन जिंदल

**निर्देश**

**जिंदल ने यमुना नदी में दूषित जल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए**



**रादौर, 21 जून (कुलदीप सैनी)** : सांसद नवीन जिंदल ने यमुना नदी में दूषित जल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदूषण रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस योजना को केंद्र और राज्य सरकार से मंजूरी दिलाने में वे पूरा सहयोग करेंगे। सांसद जिंदल ने रादौर में सिंचाई विभाग विश्रामगृह में आमजन की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम व सिंचाई विभाग के जेई को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर जांच करें कि कहां से गंदा पानी नदी में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यमुना का पानी दिल्ली पहुंचता है, जहां देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित होती है। सांसद जिंदल ने मदरसों में उर्दू के साथ अंग्रेजी और विज्ञान जैसे विषयों की पढ़ाई शुरू करने की बात कही और कहा कि मुस्लिम समाज के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दिलाने के लिए वे हरसंभव मदद को तैयार हैं। इसके अलावा उन्होंने करंट लगने से दिव्यांग हुई 11 वर्षीय कनव की पेंशन तुरंत शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न गांवों में खेल सामग्री, जिम और विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की।

## हरियाणा पुलिस कमांडो फोर्स मुख्यालय नेवल में हुआ योग शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा पुलिस कमांडो फोर्स मुख्यालय, नेवल पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रवर पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा आईपीएस कमांडो सहित कमांडो मुख्यालय नेवल में तैनात समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग की टीम द्वारा योग व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए जीवन में योग एवं प्राणायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से सुचिका बत्रा, अमनदीप सिंह, मुकेश बत्रा एवं नीलम अरोड़ा ने योग अभ्यास का प्रदर्शन किया। योगाभ्यास के पश्चात राजेन्द्र कुमार मीणा, एसएसपी कमांडो द्वारा कमांडो जवानों को योग के प्रति प्रोत्साहित करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग की टीम का धन्यवाद किया गया।

## खजूरी में डॉ. अश्विनी मेहता ने ग्रामीणों को दी स्वास्थ्य जागरूकता की सीख



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 21 जून (कुलदीप सैनी)** : उपमंडल के गांव खजूरी में गंगाराम अस्पताल दिल्ली के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. अश्विनी मेहता अपनी चिकित्सकों की टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर उन्होंने रविवार 22 जून को आयोजित होने वाले मासिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेने का निमंत्रण दिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. मेहता ने कहा कि पहले जो बीमारियां केवल शहरों में देखने को मिलती थीं, अब वे गांवों में भी पनप रही हैं, जिसका प्रमुख कारण बिगड़ती जीवनशैली व खानपान है। उन्होंने प्लास्टिक पैक खाद्य पदार्थों से बचने और घर के बने व्यंजन व दूध-दही को प्राथमिकता देने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र मेहता, पूर्व सरपंच राजकुमार काम्बोज, सुशील जोगी, मंगत राम, अमन सैनी, रवि कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### योग हमारी प्राचीन विरासत और जीवनशैली का आधार: चेयरमैन रजनीश मेहता



**रादौर, 21 जून (कुलदीप सैनी) :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि-मुनियों की देन है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलन में रखने की जीवनशैली है। चेयरमैन मेहता ने कहा कि योग हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत है, जिसे अब वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, खानपान और तनावपूर्ण वातावरण के बीच योग ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया से कुछ समय निकालकर योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। नियमित योग से न केवल बीमारियों से बचाव संभव है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी लाता है।

### एमएलएन स्कूल में योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित



**रादौर, 21 जून (कुलदीप सैनी) :** एमएलएन स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को ताड़ासन, वृक्षासन, भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य नमस्कार जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे जीवन को संतुलित, अनुशासित और स्वस्थ बनाने का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन को भी शांत करता है और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और प्रतिदिन कुछ समय योग अभ्यास के लिए जरूर निकालें।

### वी ने हरियाणा के उपभोक्ताओं के लिए इंडोर नेटवर्क एवं डेटा स्पीड के अनुभव को बनाया बेहतर

**पानीपत।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज हरियाणा में अपने नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने 1500 से अधिक साईट्स पर सबसे प्रभावी 900 एमएचजैड स्पैक्ट्रम को सफलतापूर्वक तैनात किया है तथा मुख्य शहरों जैसे पानीपत, सोनीपत, भिवानी, रेवाड़ी, पलवल, जींद, सिरसा, हिसार, रोहतक, करनाल, अंबाला, कुरूक्षेत्र, बहादुरगढ़ आदि में 1200 से अधिक साईट्स पर अपनी क्षमता को 5एमएचजैड से दोगुना कर 10 एमएचजैड कर लिया है। नेटवर्क में इस अपग्रेड के चलते खासतौर पर घनी आबादी वाले एवं शहरी इलाकों में वी के उपभोक्ता उत्कृष्ट इंडोर नेटवर्क का अनुभव पा रहे हैं। इसके अलावा वी ने हरियाणा की 1900 से अधिक साईट्स पर 2100 एमएचजैड बैण्ड में अपने स्पैक्ट्रम को 10 एमएचजैड से अपग्रेड कर 15 एमएचजैड कर लिया है। इस विस्तार के चलते उपभोक्ता वी गीगानेट पर तेज डेटा स्पीड का अनुभव पा रहे हैं। वी ने हरियाणा में 950 से अधिक नई साईट्स भी लगाई हैं। अपने नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने तथा उपभोक्ताओं को वी का सर्वश्रेष्ठ नेटवर्क अनुभव प्रदान करने की योजनाओं के तहत यह क्षमता विस्तार एवं अपग्रेडेशन किया गया है।

## यमुना मंदिर बहादुरपुर में एवरेस्ट फतह करने वाली कृतिका शर्मा को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, 21 जून (धर्मवीर )-** यमुनानगर के गांव बहादुरपुर स्थित यमुना मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब की रहने वाली एनसीसी कैडेट कृतिका शर्मा को 18 मई को एवरेस्ट फतह करने के उपलक्ष में पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर और महापौर यमुनानगर सुमन बहमनी ने कृतिका शर्मा का पगड़ी पहनकर सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान कृतिका शर्मा अपने परिजनों के साथ उपस्थिति रही। कृतिका शर्मा का ताऊ यमुना मंदिर में पुजारी का काम करते हैं उन्होंने उनकी सफलता के लिए भगवान से कामना की थी जिसके फल स्वरुप कृतिका शर्मा आज यमुना मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचे थी।

कृतिका शर्मा ने एवरेस्ट फतेह के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा बिना परिवार के सपोर्ट के वह यह मुकाम हासिल नहीं कर सकती थी यमुना मंदिर समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान पाकर वह बड़े ही गर्व की अनुभूति कर रही है बता दे कृतिका शर्मा हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है और एनसीसी की कैडेट है।

# योग करने से हमारा शरीर और मन दोनों रहते स्वस्थ: योगेन्द्र राणा

**योग दिवस**

**योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि असंध विधायक योगेन्द्र राणा उपस्थित रहे।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध स्थित नई अनाज मंडी में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उपमंडल स्तरीय आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि असंध विधायक योगेन्द्र राणा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर एसडीएम असंध राहुल एवं समस्त उपमंडल प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया।

विधायक योगेन्द्र राणा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं एसडीएम सहित प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएँ, पुरुष और बच्चों ने योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापटनम और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुडकर अपना संदेश दिया।

योग प्रोटोकॉल के दौरान योग शिक्षक माया राम शास्त्री, प्रदीप शर्मा, सुदेश, संजीव गर्ग, पंकज बिंदल, सुनीता गोयल, द्वारा योग साधकों को विभिन्न योगिक क्रियाएं करवाई गई व योग साधकों को इन सभी आसनों से मिलने वाले लाभ के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

विधायक योगेन्द्र राणा ने उपस्थित जनसमूह को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए योग दिवस के अवसर पर मंच पर उपस्थित योग शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये योग शिक्षक असंध में निरंतर योग की अलख जगाए हुए हैं। योग हमारे लिए अत्यंत जरूरी है। हमारी प्राचीन संस्कृति में योग का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। योग करने से हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति जीवन की व्यस्तता में किसी न किसी कारण से तनाव में रहता है। योग करने से हम उस तनाव को दूर कर सकते हैं। योग हमारे स्वस्थ जीवन का आधार है।

उन्होंने कहा कि योग दिवस से प्रेरणा लेकर सभी को योग जीवन का हिस्सा बनना चाहिए, जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने शारीरिक रोग दूर कर सके। हमारी प्राचीन संस्कृति में योग का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में एक ऐसे प्राचीन भारतीय विज्ञान को सलाम करता है, जिसने सदियों से मानव जीवन को नई दिशा दी है। यह केवल एक वार्षिक उत्सव नहीं, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है, जो हमें अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में रुककर, अपने भीतर झांकने और शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। योग सिर्फ आसनों का संग्रह नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है।

इस अवसर पर सेमिनार एवं वर्कशॉप के दौरान योग संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें योग साधकों से योग सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए।

# योग और अध्यात्म का मेल हो जाए तो सोने पे सुहागा : सतीश हंस जी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** संत निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा एवम आशीर्वाद से स्थानीय रेलवे रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत योग दिवस का आयोजन किया गया।

संत निरंकारी मिशन करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने बताया कि इस योग दिवस के आयोजन में निरंकारी मिशन के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए, जिन्हें योग शिक्षिका बहन मनजीत सैनी योग करवाया और बताया कि योग भी जीवन का एक अहम हिस्सा हैएजिससे न केवल तन स्वस्थ रहता है, बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के आसन एवम प्राणायम करवाते हुए उनके लाभों के बारे में भी बताया। सतीश हंस ने बताया कि निरंकारी मिशन द्वारा जहा योग दिवस का आयोजन किया गया, वहीं मानव मात्र को आध्यात्मिक खुराक देने के लिए योग दिवस के ठीक पश्चात एक सत्संग का भी आयोजन किया गया, जिसमें अपने प्रवचनों में सतीश हंस ने फरमाया कि यदि हम योग और आध्यात्म की अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो न केवल तन से सुखी रहेंगे, बल्कि मन और आत्मा से भी सुखी रहेंगे और सुकून को निरंतर प्राप्त होंगे ।उन्होंने कहा कि जिस तरह तन को स्वस्थ रखने के लिए योग जरुरी है,ठीक वैसे ही मानव जन्म का मूल्य डालने के लिए ईश्वर की पहचान जरूरी है और यह हो सकती है

## पानीपत बस स्टेंड के शौचालय में मिला युवक का शव

**पानीपत।** पानीपत सिवाह स्थित बस अड्डे के शौचालय में एक युवक का शव मिलने से गांव सिवाह में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शव को बस अड्डे के कर्मचारियों ने देखा और तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान युवक के पास से आधार कार्ड बरामद किया, जिससे उसकी पहचान हो सकी। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी है। शुरूआती कार्रवाई के बाद शव को सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां पंचनामा भरवाने के बाद शव को शवगृह में रखवा दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक की पहचान सोनीपत के बरोदा निवासी नवीन के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए रोडवेज अधिकारी ने बताया कि उसके पास सफाई कर्मचारी ने बताया कि एक युवक काफी देर से पहले बाथरूम में गया था और अभी तक बाहर नहीं आया है। मौके पर पहुंचकर देखा तो युवक मृत हालात में बाथरूम में पड़ा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने की कोशिश की। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो गई है। इसके बाद शव को सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस को परिजनों ने फोन पर बातचीत में नवीन के सफर करने के बारे में जानकारी दी ।

## सभी के लिए योग: होंडा इंडिया फाउंडेशन की सीएसआर पहल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समुदायों को जोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को मूर्त रूप प्रदान करते हुए, होंडा इंडिया फाउंडेशन – भारत में होंडा ग्रुप कंपनियों की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा – ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर के नौरंगपुर गांव में होंडा सामाजिक विकास केंद्र में एक व्यापक सामुदायिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में आस-पास के ग्रामों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। निर्देशित योग सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के मध्य संतुलन स्थापित करने के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री विनय ढींगरा एवं श्री कात्सुयुकी ओजावा, भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष श्री अजीत यादव तथा समीपवर्ती ग्रामों के माननीय सरपंच उपस्थित रहे। गणमान्य अतिथियों ने ग्रामीण समुदाय से संवाद स्थापित करते हुए योग को दैनिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह योग सत्र सर्वसुलभ और समावेशी स्वरूप में तैयार किया गया था, ताकि प्रतिभागी सरल श्वास नियंत्रण एवं शरीर संचालन की तकनीकों को सहजता से अपने जीवन में शामिल कर सकें। यह पहल ल्क्क्रद्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवारक स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

HSVK योग केंद्र के माध्यम से अब तक 20,000 से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

## संपादकीय

# विश्व वर्षावन दिवसः चेतना, चुनौती और परिवर्तन की घड़ी

**पृथ्वी** की धड़कन, हरे-भरे वर्षावन, आज हमारे सामने एक चेतावनी के साथ खड़े हैं–या तो हम इन्हें बचा लें, या अपनी सभ्यता का अंत देखने को तैयार रहें। 22 जून को मनाया जाने वाला विश्व वर्षावन दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है, जो हमें इस ग्रह के सबसे कीमती खजाने–हमारे वर्षावनों–के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपता है। ये जंगल, जो पृथ्वी की सतह का मात्र 6% हिस्सा कवर करते हैं, विश्व की 50% से अधिक जैव विविधता को आश्रय देते हैं और मानव जीवन के लिए अपरिहार्य हैं। ये पृथ्वी के फेफड़े हैं, जो हर सांस के साथ ऑक्सीजन देते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं, और जलवायु को संतुलित रखते हैं। लेकिन, जब हर मिनट फुटबॉल मैदान जितना जंगल काटा जा रहा हो, तो क्या हम सचमुच इनकी रक्षा के लिए पर्याप्त कर रहे हैं? आइए, इस विश्व वर्षावन दिवस पर इन जंगलों की महिमा को समझें, उनकी चुनौतियों का सामना करें, और एक ऐसी दुनिया के लिए कदम उठाएं जहां प्रकृति और मानव एक साथ पनप सकें। वर्षावन पृथ्वी के सबसे जीवंत और जटिल पारिस्थितिक तंत्र हैं। अमेजन, कांगो बेसिन, बोर्नियो, और मेडागास्कर जैसे क्षेत्रों में फैले ये जंगल न केवल लाखों प्रजातियों का घर हैं, बल्कि ग्रह के पर्यावरणीय स्वास्थ्य की रीढ़ हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के अनुसार, अमेजन वर्षावन में 400 बिलियन पेड़ और 16,000 से अधिक पौधों की प्रजातियां मौजूद हैं। ये जंगल वैश्विक ऑक्सीजन का 20% से अधिक उत्पादन करते हैं और प्रतिवर्ष 20 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक प्राकृतिक ढाल प्रदान करते हैं। नासा के शोध बताते हैं कि अमेजन वर्षावन वैश्विक जलवायु पैटर्न को नियंत्रित करता है और 20% ताजे पानी का स्रोत है। ये जंगल नमी छोड़ते हैं, जो वर्षा के रूप में दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचती है, जिससे वैश्विक कृषि और जल संसाधन निर्भर हैं। लेकिन, जब हर साल 15 मिलियन हेक्टेयर जंगल वनों की कटाई के कारण नष्ट हो रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि हम इन अनमोल संसाधनों को खोने की कगार पर हैं। वर्षावनों का महत्व केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है; ये मानव सभ्यता के लिए भी अपरिहार्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, 25% आधुनिक दवाएं वर्षावनों से प्राप्त पौधों पर आधारित हैं। मलेरिया के इलाज में उपयोगी क्विनाइन, कैंसर के उपचार में मददगार विंका पौधा, और कई अन्य औषधियां इन जंगलों की देन हैं। इसके अलावा, कॉफी, कोको, केले, और ताड़ का तेल जैसे उत्पाद भी वर्षावनों से आते हैं। इन जंगलों में रहने वाले 350 मिलियन से अधिक स्वदेशी लोग अपनी आजीविका, संस्कृति, और आध्यात्मिकता के लिए इन पर निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, स्वदेशी समुदायों का पारंपरिक ज्ञान वर्षावनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन वनों की कटाई के कारण उनकी संस्कृति और अस्तित्व भी खतरे में है।

# निर्दोष बच्ची की चीखों पर सहानुभूति का बोझ



**प्रो. आरके जैन**

> "अक्टूबर 2022 में खंडवा जिले में उस छोटी सी जान के साथ जो हुआ, वह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के चेहरे पर एक ऐसा काला धब्बा है जो शायद कभी मिट नहीं सकेगा। उसकी हंसी, उसका गुनगुनाना, उसका भोला-भाला बचपन–सब कुछ एक जघन्य कृत्य ने रौंद दिया। डीएनए रिपोर्ट, मेडिकल साक्ष्य, गवाहों के बयान–सब कुछ साफ था, जैसे आकाश से सच बरस रहा हो। ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाकर इंसाफ की उम्मीद जगा दी, लेकिन उच्च न्यायालय ने एक ऐसा फैसला सुनाया कि हर संवेदनशील हृदय रो पड़ा। आरोपी के निरक्षर, आदिवासी, और पारिवारिक पृष्ठभूमि को आधार बनाकर फांसी की सजा को 25 साल की कैद में बदल दिया गया। यह इंसाफ नहीं, एक मासूम के आंसुओं पर थोपा गया एक और जख्म है, जो समाज की चुप्पी और कमजोरी को चीख-चीखकर बयान करता है"



**एक** चार साल की मासूम बच्ची, जिसकी आंखों में मां की गोद का प्यार और सपनों की मासूमियत चमक रही थी, अचानक एक ऐसे नरक में धकेल दी गई जहां इंसानियत की हर सांस थम गई। अक्टूबर 2022 में खंडवा जिले में उस छोटी सी जान के साथ जो हुआ, वह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के चेहरे पर एक ऐसा काला धब्बा है जो शायद कभी मिट नहीं सकेगा। उसकी हंसी, उसका गुनगुनाना, उसका भोला-भाला बचपन–सब कुछ एक जघन्य कृत्य ने रौंद दिया। डीएनए रिपोर्ट, मेडिकल साक्ष्य, गवाहों के बयान–सब कुछ साफ था, जैसे आकाश से सच बरस रहा हो। ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाकर इंसाफ की उम्मीद जगा दी, लेकिन उच्च न्यायालय ने एक ऐसा फैसला सुनाया कि हर संवेदनशील हृदय रो पड़ा। आरोपी के निरक्षर, आदिवासी, और पारिवारिक पृष्ठभूमि को आधार बनाकर फांसी की सजा को 25 साल की कैद में बदल दिया गया। यह इंसाफ नहीं, एक मासूम के आंसुओं पर थोपा गया एक और जख्म है, जो समाज की चुप्पी और कमजोरी को चीख-चीखकर बयान करता है! क्या गरीबी और अशिक्षा ने कानून की रीढ़ तोड़ दी? क्या एक बच्ची के साथ हुए इस घिनौने अपराध को 'समझने' की गुंजाइश बनाया जा सकता है? यह फैसला केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता पर एक जोरदार प्रहार है। आज निरक्षर, आदिवासी होने और पारिवारिक पृष्ठभूमि का बहाना बनाकर राहत दी गई, कल कोई मानसिक दबाव का तर्क देगा, परसों कोई शिक्षा या सुधार की संभावना का हवाला पेश करेगा। फिर सवाल उठता है–न्याय का तराजू क्या तौलेगा? अपराध की गहराई को, या अपराधी की जाति, गरीबी और सामाजिक पृष्ठभूमि को? क्या हम उस मोड़ पर पहुंच गए हैं जहां मासूमों का दर्द गौण हो गया और अपराधी की पहचान सर्वोपरि हो गई? यह सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि 'बेटी पढ़ाओ-बचाओ' के नारे गली-गली गूंजते हैं, लेकिन जब वही बेटी जिंदगी की सबसे बड़ी त्रासदी से गुजरती है, तो उसके गुनहगार को 'सिस्टम का शिकार' कहकर बख्श दिया जाता है। लेकिन क्या वह मासूम बच्ची सिस्टम का हिस्सा नहीं थी? उसकी निर्धनता, उसकी लाचारी, उसका छीना गया बचपन–क्या इन पर कोई दया नहीं बरसनी चाहिए?

यह फैसला समाज के उस सपने को तोड़ता है, जहां इंसाफ अंधा होता है–न जाति देखता है, न धर्म, न गरीबी। लेकिन यहां तो इंसाफ की आंखों पर बंधी पट्टी खुल गई और उसने अपराधी के वर्ग को देख लिया। यह एक खतरनाक संकेत है, जो भविष्य में और भी भयावह परिणाम ला सकता है। अगर आज निरक्षर और एक आदिवासी होने के कारण सजा हल्की हो सकती है, तो कल कोई और बहाना–चाहे वह मानसिक अस्थिरता हो या सामाजिक दबाव–न्याय को कमजोर कर सकता है। क्या अपराध का मूल्यांकन अब साक्ष्यों और अपराध की गंभीरता से नहीं, बल्कि अपराधी की सामाजिक स्थिति से होगा? यह सोचकर दिल दहल जाता है कि एक मासूम के साथ हुए जुल्म को हल्का करने की कोशिश समाज की उस संवेदना को कुचल देती है, जो पीड़ित के साथ खड़ी होनी चाहिए।

उस मासूम के माता-पिता की जिंदगी अब दर्द और अविश्वास के अंधेरे में डूबी हुई है। वह बच्ची, जो कभी मां की गोद में गुनगुनाया करती थी, अब शायद ही बोल पाएगी। उसके सपनों की जगह डर ने ले ली है, उसकी हंसी चीख में बदल गई है। उनके लिए कानून पर भरोसा अब एक सपना बनकर रह गया है। क्या यह वही समाज है जो अपनी बेटियों को सुरक्षित माहौल देने का दावा करता है? क्या यह वही राष्ट्र है जो अपनी मासूमियत की रक्षा का वचन देता है? नहीं, यह एक ऐसा दर्पण है जो समाज की सच्चाई को बेनकाब करता है–जहां इंसाफ की जगह सहानुभति की तस्करी हो रही है।

यह फैसला केवल एक बच्ची के परिवार को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। जब पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता, तो वे उम्मीद खो देते हैं।

और जब उम्मीद मरती है, तो समाज का ढांचा चरमराने लगता है। आज अगर हम चुप रहे, तो कल हमारी बेटियां भी इसी डर और असुरक्षा में जीएंगी। 'बेटी पढ़ाओ-बचाओ' के नारे तभी सार्थक होंगे, जब इंसाफ की तलवार बिना डरे उठेगी–चाहे अपराधी कोई भी हो, साक्षर हो या निरक्षर, उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। जरूरत है ऐसे न्याय की, जो अपराध की गहराई को देखे, साक्ष्यों पर भरोसा करे, और सहानुभति के नाम पर अन्याय को बढ़ावा न दे। समाज को यह समझना होगा कि अपराध की दुनिया में कोई वर्ग नहीं होता, कोई जाति नहीं होती–होता है तो केवल एक पीड़ित और एक अपराधी। और जब न्याय इन दोनों के बीच खड़ा होता है, तो उसे आंख मूंदकर केवल सत्य पर चलना चाहिए, न कि सामाजिक दबाव या राजनीतिक चालों के आगे झुकना चाहिए। आज अगर हमने इस मासूम की चीख को अनसुना किया, तो कल हमारी अपनी बेटियों की पुकार भी दम तोड़ जाएगी। यह एक चेतावनी है, एक करारा जवाब मांगती है–क्या हम अपने बच्चों को वह भरोसा दे पाएंगे कि यह दुनिया उनके लिए सुरक्षित है? अगर हम अभी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी। इंसाफ को कमजोर करना मतलब है अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता को कमजोर करना।

यह फैसला एक मासूम के दिल को चीर गया, लेकिन अगर हमने इसे ठीक करने की कोशिश नहीं की, तो यह पूरे समाज के दिल पर एक ऐसा घाव बन जाएगा, जो कभी भर नहीं सकेगा। आज का मौन कल का पाप बनेगा, और वह दिन दूर नहीं जब हम अपनी आंखों से आंसुओं के सिवा कुछ नहीं देख पाएंगे–एक ऐसी दुनिया में, जहां मासूमों का खून हमारे हाथों पर सुखेगा, और इंसाफ की पुकार अनंत में खो जाएगी।

## कविता

**योग साधना।।**

योग भगाए रोग सब, करता हमें निरोग।  
तन-मन में हो ताजगी, सुखद बने संयोग।।

योग साधना जो करे, भागे उसके भूत।  
आलस रहते दूर सब, तन रहता मजबूत।।

खुश रहते हर पल सदा, जीवन में वो लोग।  
आत्म और परमात्म का, सदा कराते योग।।

योग करें तो रोग सब, भागे कोसों दूर।  
जीवन सुखदाई बने, चमके खुशियां नूर।।

योगासन करता सदा, तन-मन को तंदुरुस्त।  
बने रक्त संचार से, मांसपेशियां चुस्त।।

देता है हम सबको यही, योग दिवस सन्देश।  
दूर रहे सब व्याधियां, सबल- स्वस्थ हो देश।।

योग साधना साधकर, करें शुद्ध आचार।  
नेति क्रिया जब स्वस्थ हो, रहते नहीं विकार।।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

## भ्रष्टाचार में बेचारा भीम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**द्रौपदी** को न्याय दिलाने वाले, दुर्योधन की जांघें तोड़ने वाले, अपने पराक्रम से महाभारत का सबसे ताकतवर योद्धा कहलाने वाले भीम इस बार गदापर्व छोड़कर, शिकायत निवारण मंच पर पहुंचे हैं। गदा नहीं, अब उनके हाथ में जनसुनवाई फॉर्म है। स्वर्णिम भारत में भीम को न्याय दिलाने आए हैं, पर इस बार दुशासन नहीं, सिस्टम है जो वस्त्र नहीं, आत्मा नोंच रहा है। भीम के सामने दुर्योधन अब सीधा दिखता नहीं–छह स्तरों में फाइल घूमती है, हर चरण पर लिखा होता है–ह्लअप्रूवल पेंडिंग।कथा कुछ यूं हुई कि भीम पांडव कॉलोनी के मकान नं. 5 में रहते हैं। पानी की पाइप फटी हुई थी, नाली ओवरफ्लो हो रही थी, ऊपर से सड़क पर गड्ढे थे। पहले तो सोच में पड़े, फिर बोले–ह्लअगर हस्तिनापुर में कौरवों से नहीं डरे, तो नगर निगम से क्या डरूं?ह्व गदा उठाने का कोई फायदा न देखकर, फ्ळकफॉर्म उठाया। ऑफिस पहुंचे–भीतर से आवाज आई, ह्लफिर आ गए भीम भैया? कल ही तो आवेदन किया था।ह्व भीम बोले, ह्लएक साल से शिकायत लंबित है।ह्व क्लर्क मुस्कराया–ह्लभीमजी, युद्ध जीतना आसान है, मंजूरी पाना मुश्किल।ह्व भीम चुप। जब हस्तिनापुर के सेनापति को अपनी ही गलियों में हार का सामना करना पड़े, तो समझिए सभ्यता कितनी सभ्य हो गई है। श्रीकृष्ण से सलाह ली–कृष्ण बोले, ह्लअब चक्र नहीं घूमता, चक्रव्यूह में आदमी खुद घूमता है। हर विभाग एक अभिमन्यु मार देता है।ह्व भीम बोले, ह्लतो मैं क्या करूं?ह्व कृष्ण ने हँसते हुए कहा, ह्लअब नीतियों की सभा में बोलने से कुछ नहीं होता, नीतिगत ह्यलॉबिंगह्ण करनी पड़ती है।ह्व फिर भीम पहुंचे नगरपालिका–फॉर्म नंबर-6 भरा। पूछा गया, ह्लकिस नाम से फॉर्म भरें?ह्व बोले, ह्लभीम नाम है।ह्व क्लर्क ने माथा पकड़ा–ह्लकृपया आधार से लिंक्ड नाम दीजिए।ह्व बोले, ह्लआधार क्या होता है?ह्व जवाब मिला–ह्लआपको पहले अपना अस्तित्व प्रमाणित करना होगा। पांडव होना अब पर्याप्त नहीं। थक हारकर भीम मीडिया के पास पहुंचे। रिपोर्टर बोला–ह्लभीमजी, जरा पोज दीजिए। अब तक जो आए हैं, सबने सड़कों पर गड्ढे के साथ सेल्फी ली है। फोटो से पहले समस्या का महत्व नहीं समझा जाता।ह्व भीम बोले, ह्लक्या मुझे भी गड्ढे में उतरना पड़ेगा?ह्व जवाब आया, ह्लहमेशा, तभी रेटिंग आती है।ह्व फिर भीम नाली में खड़े हुए, कैमरे ने क्लिक किया। खबर चली–"भीम की जलयात्राः नाली में विकास की तलाश"। लेकिन दो दिन बाद ही खबर गायब हो गई। पूछा–ह्लक्यों?ह्व जवाब मिला–ह्लन्यूज स्पॉन्सर का दबाव था। गड्ढा किसी बड़े आदमी के टेंडर से जुड़ा था।ह्व

भीम फिर अर्जुन के पास पहुंचे–ह्लभाई, इस युद्ध में मेरा साथ दो।ह्व अर्जुन मोबाइल में व्यस्त थे–बोले, ह्लभैया, फिलहाल इंस्टाग्राम रील बनाने में व्यस्त हूं। ब्रांड डील करनी है।ह्व युधिष्ठिर बोले, ह्लभ्राता, सत्य यही है कि इस युग में गदा नहीं, गिफ्टिंग कल्चर चलता है।ह्व नकुल-सहदेव बोले–ह्लहमने तो एमएनसी में जॉब पकड़ ली है, आप आरटीआई लड़िए।ह्व भीम अकेले पड़ गए।

## विचार

# मजबूरी का रहस्योदघाटन

**देश** के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी के प्रति मेरे मन में सम्मान बढकर दिन दो गुना रात चौगुना हो रहा है. मोदी जी ने बिहार जाने के लिए महाबली अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साहब का निमंत्रण ठुकरा कर साबित कर दिया कि उनका सीना सचमुच 56'का है.

मोदीजी को ट्रंप साहब कनाडा में मिल सकते थे लेकिन नहीं मिले. वे जी -7की बैठक बीच में छोड वाशिंगटन चले गए क्योंकि उन्है इजराइल और ईरान युद्ध में कुछ बडा करना था. वाशिंगटन में उन्हें मोदी जी की याद आई और उन्होने मोदी जी को फोन कर वाशिंगटन आने का न्यौत दे दिया. जिसे मोदी जी ने सिरे से ठुकरा दिया क्योंकि उन्हें बिहार जाना था. हम सबको हमारे विदेश सचिव ने ये तो बताया था कि मोदी जी और ट्रंप के बीच 35 मिनिट तक बात हुई थी, लेकिन उन्होंने ये नहीं बताया था कि ट्रंप ने मोदी जी को वाशिंगटन आने का न्यौता दिया था, जिसे मोदी जी ने ठुकरा दिया. विदेश सचिव की इस लापरवाही की वजह से माननीय मोदी जी को बिहार में खुद ये रहस्योदघाटन करना पडा.

अब दुनिया को समझ लेना चाहिए कि मोदी जी के लिए वाशिंगटन फर्स्ट नहीं नेशन फर्स्ट है. नेशन में भी बिहार फर्स्ट है, क्योंकि बिहार बुद्ध भगवान की धरती है. यहां के लोगों को आसानी से बुद्धू बनाया जा सकता है. लेकिन अब मोदी जी ऐसा नहीं होने देंगे. जो करेंगें, खुद करेंगे.दुनिया को ये भी जान लेना चाहिए कि माननीय मोदी जी की दिलचस्पी ईरान और इजराइल युद्ध में भी उतनी नहीं है जितनी कि बिहार विधानसभा कै चुनाव में है. इजराइल की इजराइल जानें और ईरान की ईरान. भारत के लिए तो दोनो पर है.

आपको बता दें कि ट्रंप साहब जी -7 गी बैठक बीच में छोडकर केलिफोर्निया की हिंसा रोकने नसी गए थे, उन्हे ईरान इजराइल युद्ध की चिंता थी. सबकी अपनी अपनी चिंताएं होती हैं. ट्रंप साहब अपने मित्र इजराइल की चिंता में घुले जा रहे हैं जबकि मोदी जी की चिंता इजराइल है. मोदी जी दूध के जले हैं इसलिए छाछ भी फूंक फूंककर पी रहे हैं. मोदी जी ने रूस और यूक्रैन युद्ध में अपने तमाम घोडे खोलकर देख चुके है. न युद्ध रुका और न किसी ने मोदीजी का अहसान माना. मजबूरी में मोदी जी को आपरेशन सिंदूर के तीसरे दिन ही युद्ध विराम करके दिखानना पडा. ताकि दुनिया के सामने नजीर बन सके. अब रूस, यूक्रेन, इजराइल और ईरान भारत से प्रेरणा ले सकें. कायदे से मोदीजी को ये रहस्योदघाटन भी समय रहते कर देना चाहिए था कि भारत ने सीज फायर माननीय दोस्त ट्रंप साहबके कहने से नहीं बल्कि स्व प्रेरणा से किया था. मोदी जी दो महीने से इस मुद्दे पर मौन हैं. लगता है वे ट्रंप साहब के झूठ और बेशर्मी का राजफास करने अब बंगाल जाएंगे और अंग्रेजी में वहीँ से कहेंगे कि ट्रंप साहब आप हमारी तरह सावरकर वादी नहीं बल्कि मिथ्यवादी हो. मोदी जी ही दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं जो दुनिया में अमेरिका, चीन और रूस को आंखे दिठा सकते हैं लेकिन दिखाते नही हैं. आखिर बडप्पन भी तो कोई चीज होती है! मोदी जी के रहस्योदघाटन के बाद राजनीति में रहस्यवाद के नये युग का श्रीगणेश हो रहा है. मोदी जी आने वाले दिनों में इतने रहस्योदघाटन करेंगे का कांग्रेस समेत देश, दुनिया के तमाम नेताओं के पैरों के नीचे की जमीन खिसक जाएगी. मोदीजी की विदेश नीति, कूटनीति स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी. उनकी विदेशनीति से भारत वास्तविक अर्थों में गुट निरपेक्ष हुआ है. भारत को अब कोई अपने गुट में शामिल नहीं करता. अब भारत का अपना गुट है, इसमें सात समंदर पार के मुल्क तो छोडिए सरहद से लगे छोटे बडे मुल्क तक शामिल नहीं हैं. न चीन, न पाकिस्तान, न नेपाल, न बांग्लादेश, न भूटान और न श्रीलंका. फिर भी भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है. हमारे ग्वालियर से छोटे साइप्रस तक में बजा. साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान विश्व के सर्वोच्च नेता माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी को दिया. साइप्रस चाहता तो ट्रंप, पुतिन, शी जिनपिंग को भी ये सम्मान दे सकता था पर नहीं दिया.


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**  
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# योगः मन की शुद्धि से मोक्ष तक का मार्ग

**प्रियंका सौरभ**

मन ही सब कुछ है। जो आप सोचते हैं, आप वही बन जाते हैं। भगवान बुद्ध की यह उक्ति केवल कोई भावनात्मक वक्तव्य नहीं, बल्कि जीवन की एक मौलिक सच्चाई है। भारतीय संस्कृति और दर्शन में मन को नियंत्रण में लाना, उसकी दिशा को सही मार्ग पर स्थापित करना, सबसे बड़ा साध्य माना गया है। योग उसी साधना का नाम है जो मन को अपने उच्चतम स्वरूप तक ले जाता है। जब हम योग शब्द सुनते हैं, तो आँखों के सामने एक व्यक्ति ध्यान की मुद्रा में बैठा दिखता है – शांत, स्थिर और एकाग्र। लेकिन योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। योग का वास्तविक अर्थ है जोड़, मिलन और संतुलन। यह आत्मा और परमात्मा का मिलन है, शरीर और मन का संतुलन है, और अंततः मन के विक्षेपों को शांत करने की विद्या है। भारत द्वारा प्रस्तावित और अब हर वर्ष 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बात का प्रमाण है कि योग अब केवल एक प्राचीन परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व की भी आवश्यकता बन चुका है। यह उस चेतना का जागरण है जो यह स्वीकार करती है कि आज की सारी समस्याओं की जड़ मन की अस्थिरता और संतुलनहीनता में है। भारतीय दर्शन कहता है कि दुख और सुख, दोनों की जड़ मन है। बुद्ध ने स्पष्ट कहा था मन ही सब कुछ है, जो तुम सोचते हो, वही बनते हो। यह विचार योग के मूल में है। पतंजलि योगसूत्र का पहला सूत्र ही है योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः अर्थात, योग वह है जो चित्त (मन) की वृत्तियों को रोकता है। चित्तवृत्तियाँ हैं चिंता, क्रोध, मोह, वासना, द्वेष, घृणा, लालच, भ्रम, जो मन को अस्थिर करती हैं। योग इन विकारों को शुद्ध करने की प्रक्रिया है। आधुनिक समय में योग को फिटनेस और फ्लेक्सिबिलिटी तक सीमित कर दिया गया है, जबकि प्राचीन भारतीय मनीषा ने योग को आध्यात्मिक उन्नति का साधन माना। योग आठ अंगों में विभाजित है यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इनका अंतिम लक्ष्य है मन की शुद्धि। आसन से शरीर स्थिर होता है, प्राणायाम से प्राण नियंत्रित होते हैं, ध्यान से मन एकाग्र होता है।

## ईरान-इजरायल युद्ध

धमाकों से दहला तेलअबिब और तेहरान। अविश्वसनीय डोनाल्ड ट्रंप। अमेरिका और इजरायल की इस युती के मानसिक असंतुलनों की सनक ने इजरायल ईरान के युद्ध को जन्म दिया है। इस युद्ध का कोई तात्कालिक कारण नहीं है इस युद्ध के नेपथ्य में इसराइल और ईरान की दशकों की तैयारी रही है। इसराइल और अमेरिका ने ईरान को आतंकवाद का एक बड़ा केंद्र निरूपित किया है और इजरायल ने आरोप लगाया है कि ईरान पिछले दो दशकों से इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध करता आ रहा है उसने पर्दे के पीछे रहकर हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हुती आतंकवादियों को लगातार आर्थिक,सामरिक और रणनीतिक मदद करता आ रहा है और हिजबुल हमास और हूती आतंकवादी संगठनों नें लगातार इसराइल पर हमले कर-के हजारों इसराइलियों की हत्या भी की हैं। इसके साथ ही इसराइल के कई ठिकानों को नष्ट किया है। इसराइल और अमेरिका लगातार ईरान को परमाणु बम ना निर्मित करने और परमाणु संधि करने के लिए समय ब समय चेतावनी देते आ रहे हैं। इन सब में उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका राष्ट्रपति बनने के बाद इसराइल ज्यादा आक्रामक होकर गाजापट्टी तथा फिलिस्तीन पर आक्रामक हमले कर उसे समूल नष्ट करने की प्रक्रिया में जुट गया है। इसराइल और ईरान की लड़ाई की पृष्ठभूमि में ईरान द्वारा अपने पास परमाणु ईंधन संग्रहित करने उसे परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया अपनाने, लगातार मिसाइल निर्माण करने और खतरनाक आतंकवादियों को संरक्षण समर्थन एवं आर्थिक मदद देने की रही है।

जिसकी भयानक परिणीति यह रही कि तेरा जून 25 से इजरायल ने ईरान के परमाणु केन्द्रों, लगभग 12 परमाणु वैज्ञानिकों और लगभग 6 ईरान के टॉप सैनिक कमांडरों की हत्या कर दी है। तेहरान में ताबड़तोड़ हमले कर तेहरान को आधा बर्बाद कर दिया है। इजरायल द्वारा उनके समस्त परमाणु वैज्ञानिकों की हमले से हत्या करने के बाद ईरान को अपने परमाणु प्रोग्राम में बहुत बड़ा झटका लगा है। इजरायल ने ईरान के तमाम परमाणु केन्द्रों, न्यूज नेटवर्क अस्पतालों पर हमले किए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और प्रत्येक जनप्रतिनिधि को लोगों के लिए इसी भावना से काम करना चाहिए : महेंद्र सैनी



**लाड़वा, २१ जून (विजय कौशिक)** : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी महेन्द्र सैनी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। ताकि इन योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग उठा सकें। उन्होंने कहा कि आज सरकार हर वर्ग के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, लेकिन तब तक उनका वास्तविक लाभ नहीं होगा जब तक जनता को उनकी जानकारी नहीं दी जाएगी। सीएम ओएसडी सैनी ने कहा कि गांवों, कस्बों और वार्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे स्थानीय स्तर पर चौपाल, जनसंवाद, शिविर या बैठक आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं बारे जनता को जागरूक करें। इससे न केवल योजनाओं का प्रचार-प्रसार होगा बल्कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा और उनकी समस्याएं भी सरकार तक सीधे पहुंचेगी। ओएसडी महेन्द्र सैनी पंचायत समिति लाडवा के उप चुनाव में वार्ड न. १५ से चुनाव जीते जितेन्द्र सैनी चकचानपुर का स्वागत करने के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुढ़ा के प्रधान नरेंद्र दबखेड़ा, महासचिव जगदीप वैद्य बहलोलपुर, चकचानपुर के सरपंच राकेश सैनी, गजलाना के सरपंच प्रेमचंद सैनी, गणगौरी के सरपंच संदीप सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता रोशन लाल सैनी, विजय गाबा, सुनील हमीदपुर के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह किसान हों, गरीब परिवार हो, युवा हों, महिलाएं हों, व्यापारी हो या कर्मचारी हो सबके लिए सरकार ने अनेक योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को धरातल पर सफल क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव होगा। महेंद्र सैनी ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करें और योजनाओं के लिए पात्र लोगों को समय पर लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि जन सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और प्रत्येक जनप्रतिनिधि को इस भावना से काम करना चाहिए।

### हिंदू हाई स्कूल में बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**लाड़वा २१ जून (विजय कौशिक)** हिंदू हाई स्कूल, लाडवा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। कक्षा ४ से १० तक के छात्रों ने इस विशेष अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत च्नमस्ते योगज के तहत सामूहिक योगाभ्यास से हुई। जिसमें छात्रों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वज्रासन, प्राणायाम आदि आसनों का अभ्यास किया। योग शिक्षकों ने बच्चों को योग के सही तरीकों और फायदों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद एक योग क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने योग के इतिहास, लाभ, और भारतीय संस्कृति में उसके स्थान से संबंधित सवालों के उत्तर दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य योगिता अहलूवालिया ने बताया कि योग हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है, तनाव को कम करता है,आत्म-नियंत्रण और अनुशासन सिखाता है, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें एक संतुलित, स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना था। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और अनुशासन के लिए सराहा। विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### काम्या योगा एंड वेलनेस ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस

**नई दिल्ली** : काम्या योगा एंड वेलनेस ने अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के मौके पर होटल ताज, द्वारका में एक खूबसूरत सामुदायिक आयोजन किया, जहाँ पूरे भारत से योगा प्रेमी जुड़ने आए। ये खास शाम समर्पित थी संपूर्ण सेहत, संतुलन और आपसी जुड़ाव को। इस आयोजन में 300 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और प्राचीन योगा परंपराओं को आज के सामूहिक उत्साह के साथ महसूस किया।
जैसे ही लोग पहुंचे, उनका स्वागत वेलनेस किट्स के साथ किया गया ।इसके बाद, काम्या योगा एंड वेलनेस की फाउंडर और इंटरनेशनल सर्टिफाइड योगा ट्रेनर काम्या के मार्गदर्शन में योगा अभ्यास की शुरूआत हुई। इसमें सभी ने मिलकर रेगुलर योगा, चेयर योगा, प्राणायाम (यानि साँसों का गहरा अभ्यास) और 'ॐ' उच्चारण किया। ये पूरा सेशन इस तरह से तैयार किया गया था कि हर कोई अपने भीतर झाँक सके, थोड़ी देर रुककर खुद से जुड़ सके और साथ ही आस-पास के लोगों से भी एक गहरा जुड़ाव महसूस कर सके।

# स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग जरूरी : उपायुक्त शांतनु शर्मा

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**योग दिवस**

**कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों व शहरवासियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ मयंक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे पहले जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सिरसा में लाइव प्रसारण किया गया।
ह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्न थीम के साथ जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों व शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खंड स्तर पर भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ह्ययोग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा ह्न के सन्देश के साथ कार्यक्रम में योग जागरूकता व नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई।
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि योग हमारे जीवन को बेहतर बनाता है। हर व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति हर रोज योग जरूर करें। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम पर आज यही संदेश है कि आमजन योग के माध्यम से अपने जीवन को स्वस्थ बनाएं रखने की दिशा में आगे बढे और दूसरों को भी योग को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिला के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें सभी ने बढ-चढकर भाग लिया।

**योग जीवन जीने की कला : एसपी**

वहीं पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि योग जीवन जीने की कला है। स्वास्थ्य व योग एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

### श्री सीमेंट यूनिट, पानीपत (खुखराना) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) श्री** सीमेंट यूनिट पानीपत सुखरानाल परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूनिट के स्थायी एवं संविदा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट हेड राजकुमार मल्होत्रा एवं एचआर हेड देवेंद्र माथुर के मार्गदर्शन में की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित योग प्रशिक्षक द्वारा कर्मचारियों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया एवं उनके शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।सभी कर्मचारियों एवं श्रमिक साथियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और इसे एक ऊर्जा से भरपूर तथा सकारात्मक अनुभव बताया।
उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे आगे भी नियमित रूप से योग को अपने जीवन में अपनाएंगे।
श्री सीमेंट यूनिट प्रबंधन द्वारा इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों के समग्र स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

### अधिकारी व कर्मचारी योग के लिए समय निकालें : अनुराग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह योग अथवा सैर के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए ताकि वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें।मुख्य सचिव 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए हरियाणा निवास में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।
अनुराग रस्तोगी ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग करने से असीम शक्ति एवं ऊर्जा मिलती है। इससे कार्यालय में काम करने की क्षमता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग से स्वास्थ्य ठीक रहता है।

## युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है: कैलाशो सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा २१ जून (विजय कौशिक)** : भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, प्रहलादपुर परिसर में जॉब एक्सपो-२०२५ का भव्य और सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। जॉब एक्सपो-२०२५ में विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन कंपनियों ने भाग लिया। इस एक्सपो में भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के हजारों युवाओं ने भाग लिया।
कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद व संस्थान की प्रेजिडेंट कैलाशो सैनी ने किया। उन्होंने कहा कि भारत ग्रुप का उद्देश्य बच्चों को सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना भी है। इस जॉब एक्सपो के माध्यम से छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर मुहैया कराना हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करता रहेगा ताकि युवा वर्ग को करियर के लिए मजबूत मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है, और ऐसे आयोजन उन्हें सही मार्गदर्शन एवं अवसर प्रदान कर देश निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं
संस्थान के चेयरमैन ओमनाथ सैनी व वाइस चेयरमैन भारत सैनी ने कहा कि इस अवसर पर देश की प्रमुख कंपनियों जैसे बायोफिल्ड प्रा. लि., फार्म प्रा. लि., धानुका फार्मास्युटिकल प्रा. लि., लैबोरेट प्रा. लि., उजाला सिग्नस अस्पताल, पार्क अस्पताल, वर्धमान अस्पताल, एलआईसी, एक्सिस बैंक आदि अन्य कई कंपनियों की ओर से हायरिंग प्रक्रिया चलाई गई। इस अवसर पर ६०० से अधिक छात्र-छात्राओं को ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू के बाद जॉब ऑफर भी दिए गए। उन्होंने संस्थान की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और सभी कंपनियों का आभार प्रकट किया गया।
संस्थान के डायरेक्टर डॉ. रुबेल शर्मा ने बताया कि जॉब एक्सपो-२०२५ में १००० से अधिक युवा प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया था।

### ओयो ने हाउसकीपिंग ऑपेरटर उज्जवल भरद्वाज के खिलाफ दर्ज की आपराधिक शिकायत

**नई दिल्ली: ग्लोबल** हॉस्पिटैलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी ओयो ने होटल ऑपरेटर उज्जवल भारद्वाज के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करवाई है। उज्जवल पर आरोप है कि उसने दिल्ली के नांगलोई स्थित होटल कम्फर्ट इन में धोखाधड़ी करते हुए पकड़े जाने पर ओयो के दो कर्मचारियों के साथ बेरहमी से मारपीट की है। 18 जून को ओयो की ऑडिट टीम के दो सदस्य नियमित जांच के लिए होटल पहुंचे। जांच के दौरान उन्हें बुकिंग रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिली। खासतौर पर, सात कमरों की बुकिंग ओयो के सिस्टम में दर्ज ही नहीं की गई थी। यह होटल ओयो के कंपनी-मैनेज्ड होटलों में से एक है, जहाँ ओयो खुद संचालन का जिम्मा संभालता है। इसके लिए वह हाउसकीपिंग और मैनेजमेंट सर्विस प्रोवाइडर के जरिए काम करता है और हर बुकिंग पर ऑपरेटर को एक तय फीस देता है।लेकिन इस मामले में ऑपरेटर उज्जवल भारद्वाज को बिना किसी रिकॉर्ड के मेहमानों को कमरे देते हुए पाया गया। वह इन बुकिंग्स की जानकारी होटल के सिस्टम में दर्ज नहीं कर रहा था और पूरी फीस खुद रख रहा था। बिना केवायसी और सिस्टम रिकॉर्ड के मेहमानों को रुकवाना गैरकानूनी है और यह अन्य मेहमानों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। अनुबंध के अनुसार, असली बुकिंग को छिपाना और पूरा पैसा खुद रखना करार का उल्लंघन है।

## क्लीन महेंद्रगढ़-ग्रीन महेंद्रगढ़ अभियान से जुड़े प्रत्येक नागरिकः एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसडीएम अनिल कुमार यादव द्वारा शुरू किए गए क्लीन महेंद्रगढ़-ग्रीन महेंद्रगढ़ अभियान के तहत शनिवार को डाइट शिक्षण संस्थान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विधायक कंवर सिंह यादव भी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यही लक्ष्य है कि देश व प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता अभियान से जुड़कर शहर और गांव को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने एसडीएम अनिल कुमार की इस मुहिम की प्रशंसा की। एसडीएम अनिल कुमार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहीम के महेंद्रगढ शहर में सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।
नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिक व वेटरन एयर वारियर एसोसिएशन के सदस्यों ने मुहीम से जुड़कर प्रतिदिन शहर में अलग-अलग स्थानों पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। जिनकी बदौलत शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार दिखने लगे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को वेटरन एयर वारियर एसोसिएशन के सदस्यों व नागरिकों ने स्थानीय डाइट परिसर में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। एसडीएम अनिल कुमार ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर को कचरा मुक्त व जाम मुक्त शहर बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। शहर के सब्जी मंडी, बस स्टैंड इत्यादि स्थानों पर प्रतिदिन सफाई की जा रही है और जाम का कारण बनने वाले दुकानदारों व रेहड़ी चालकों को भी सडक किनारों पर अतिक्रमण ना करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने दुकानदारों व आमजन से भी आग्रह किया है कि वे कचरे को अधिकृत स्थान पर ही डालें। इधर-उधर कचरा ना फैंकें, क्योंकि इससे गंदगी फैलेगी, जिससे नागरिकों को ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।
इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, बीएमडी फॉउंडेशन चेयरमैन लक्की सीगड़ा, कर्मपाल यादव, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## हमारा उद्देश्य होना चाहिए अच्छे कर्म करने का



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा २१ जून (विजय कौशिक)** : जग ज्योति दरबार गांव बीजदपुर कुरुक्षेत्र के परमाध्यक्ष स्वामी राजेन्द्र पुरी जी आज लाड़वा में ए के फिटनैस जिम का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे।
जिम का शुभारम्भ करने के बाद उन्होंने पत्रकारो को संबोधित करते हुए कहा कि आज के माहौल में हमे अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखना चाहिए और समाज में फैली अनेक समस्याओं से विशेष कर नशे से दूर रखने के लिये पढ़ाई के साथ साथ किसी भी खेल में या योग में या किसी भी शारीरिक गतिविधि जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही व्यस्त दिनचर्या बनी रहे के प्रति सावधान रहना चाहिये। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य अच्छे कर्म करने का होना चाहिए और अच्छे कर्म हम धर्म की मयार्दा में रहकर ही कर सकते हैं। इसलिए हमारा कर्म धर्म के अनुसार ही होना चाहिये। इस अवसर पर जोगध्यान लाड़वा, डॉ अमित बांगा, मास्टर विजय तनेजा, अमित गोहरी, सोम चन्द सोमी, संजय गर्ग, सरदार रमणदीप सिंह, जितेंद्र चौधरी, कुलविंदर चहल, घनश्याम काम्बोज, विजय डींगरा, अनिल माटा, सुखबीर बपदी, गिंदर कम्बोज आदि उपस्थित रहे।

### सांप के काटने से महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बरसात की शुरूआत के साथ जिले में सांपों का खतरा बढ़ गया है। एक सप्ताह में सांप के काटने से जिले में 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें दो महिलाएं, एक बच्चा और एक बुजुर्ग महिला शामिल है। ताजा मामला पूजम गांव का है जहां काले रंग के कॉमन क्रेट सांप ने 65 वर्षीय महिला को काट लिया। 20 मिनट के भीतर महिला की मौत हो गई।
इस तरह के लगातार मामले सामने आने के बावजूद लोग समय पर इलाज की जगह आज भी झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों में समय गंवा रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ज्ञान मानसरोवर में भव्य योग-साधना समारोह



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर, थिराना में एक विशेष योग एवं राजयोग ध्यान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पानीपत सर्कल के सभी सेवाकेंद्रों से सैकड़ों ब्रह्मा वत्सों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पधारे बीके भारत भूषण भाई ने योग की वास्तविक परिभाषा एवं उसकी दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झ "योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की विधा है। राजयोग द्वारा ही आत्मा अपनी शक्तियों को जागृत कर सकती है।"
इस अवसर पर राजयोगिनी बीके सरला दीदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा झ "आज योग को वैश्विक मान्यता मिल चुकी है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि राजयोग ही वह मूल आध्यात्मिक योग है जो आत्मा को उसके मूल स्वरूप में स्थिर करता है।"
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के. एस. अहलावत ने अपने संबोधन में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में योग और नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की सराहना की।
इस अवसर पर योग अभ्यास सत्र का संचालन बीके रेनू बहन ने किया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने तन-मन के संतुलन के लिए सरल योग मुद्राएं एवं श्वास-विकार नियंत्रण सीखा।
इसके पश्चात बीके बिंदु बहन, बीके रजनी बहन, बीके पूनम बहन एवं बीके स्नेह बहन द्वारा सामूहिक राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। शांत वातावरण में दिव्य संगीत और कमेंट्री के माध्यम से सभी ने आत्म-अनुभूति की अनुभूति की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विश्व शांति, पर्यावरण सुरक्षा और आत्मिक शुद्धता के संकल्प के साथ ध्यान कर योग दिवस की सार्थकता को पूर्ण किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर HALSA में योग शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला मैनपाल**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (HALSA) के कार्यालय, सेक्टर-14, पंचकूला में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (HALSA) के निदेर्शों तथा माननीय न्यायमूर्ति लीजा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, ल्हअछरअ के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(NALSA), पंचकूला के सहयोग से आयोजित किया गया।
HALSA के सदस्य सचिव श्री सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि NALSA की कार्ययोजना के अनुरूप हरियाणा के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा साथ ही कानूनी जागरूकता फैलाना था, इस प्रकार स्वास्थ्य और न्याय दोनों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों का कानूनी सशक्तिकरण सुनिश्चित करना उतना ही आवश्यक है जितना कि उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना।
शिविर का समन्वय और पर्यवेक्षण सुश्री अपर्णा भारद्वाज, सीजेएम-सह-सचिव, डीएलएसए, पंचकूला द्वारा किया गया। उनके कुशल प्रबंधन के तहत, सभी व्यवस्थाएं निर्बाध रूप से निष्पादित की गईं।
कार्यक्रम में बोलते हुए, सुश्री भारद्वाज ने समग्र कल्याण प्राप्त करने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक अभ्यास है जो आंतरिक शांति, भावनात्मक संतुलन और मन की शांति का पोषण करता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को एक स्वस्थ और अधिक केंद्रित जीवन शैली के लिए योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान, सुश्री भारद्वाज ने प्रतिभागियों से अपने-अपने समुदायों में कानूनी जागरूकता के राजदूत के रूप में कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों को कानूनी सहायता की आवश्यकता होने पर आत्मविश्वास के साथ कानूनी सेवा प्राधिकरणों से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसी के कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में सूचित होने के महत्व पर भी जोर दिया। HALSA में योग सत्र में पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर्स (PLV) और HALSA और DLSA पंचकूला दोनों के स्टाफ सदस्यों की उत्साही भागीदारी देखी गई।

## एशियन पेंट्स ने लॉन्च की सोचा भी नहीं होगा- डिजाइन की अप्रत्याशित संभावनाओं की तलाश में कॉर्पोरेट फिल्म्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** भारत में घर की सौंदर्यात्मक सजावट का अग्रणी नाम, एशियन पेंट्स ने अपनी नवीनतम कॉर्पोरेट फिल्म ह्यसोचा भी नहीं होगाह्न लॉन्च की है, जो एक सुंदर घर की डिजाइनिंग के दौरान आने वाली रचनात्मकता और संभावनाओं को प्रदर्शित करती है। यह वीडियो सीरीज रंगों, सजावट और घर में बदलाव के विचारों को एक नया नजरिया देती है। वीडियो में एक युवा पति-पत्नी की साधारण लेकिन प्रभावशाली कहानी दिखाई गई है, जो अपने घर को नया रूप देने की प्रक्रिया को देख रहे है।हाल ही में लॉन्च किए गए एशियन पेंट्स ऐप की मदद से यह प्रक्रिया न केवल आसान और आनंददायक बन जाती है, बल्कि नए और अप्रत्याशित विचारों से भी भरपूर होती है। कॉर्पोरेट डिजिटल सीरीज के बारे में बात करते हुए, एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगले ने कहा, आठ दशकों से अधिक के सफर में, हमने निरंतर खुद को बेहतर बनाया है और नए विचारों के साथ लोगों के घरों के भरोसेमंद साथी बने हुए हैं।ह्यसोचा भी नहीं होगाह्न के साथ, हम पेंटिंग के कार्यात्मक पहलुओं से परे जाकर लोगों में कल्पनाशीलता को जगा रहे है। यह सीरीज सभी को प्रेरित करती है कि वे अपने घर को आत्म-अभिव्यक्ति के मंच के रूप में देखें—जहां रंग, बनावट और डिजाइन रोमांचक तरीकों से एक साथ आते हैं।वीडियो सीरीज में दिखाया गया है कि एशियन पेंट्स तब घर के मालिकों को हर कदम पर सहायता देता है, और हाइपर-पर्सनलाइज्ड समाधान देते हुए भरोसेमंद सहयोगी बनता है, जब वे असमंजस में होते हैं।
यह ब्रांड के विजन पर आधारित है कि घर पर विज़िट, ऑनलाइन सपोर्ट या स्टोर में विशेषज्ञ की सलाह से लोगों के जीवन में आनंद लाया जाए, ताकि प्रत्येक घर अपनी अनूठी कहानी बता सके। चार-भागों वाली इस वीडियो सीरीज में आसान और प्रभावी होम इम्प्रूवमेंट सॉल्यूशन्स पेश किए गए हैं—एक फिल्म में पत्नी अपने घर में सब्यसाची स्टाइल डिजाइन से सजाने का का सपना देखती है।

न्यूज फ्लैश

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष विश्वविद्यालय ने लिया भाग



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने ब्रह्मसरोवर तीर्थ पर आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी भागीदारी दर्ज करवाई। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर समेत विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक,अधिकारी, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने योग प्रोटोकॉल सत्र में भाग लिया। योग अभ्यास के दौरान प्राणायाम,ताड़ासन, वज्रासन, भ्रामरी और ध्यान क्रियाएं की गई। प्रतिभागियों ने पूरे समर्पण के साथ योगाभ्यास करते हुए करो योग-रहो निरोग का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.करतार सिंह धीमान ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि यह एक वैज्ञानिक जीवनशैली है जो तन,मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। आयुष विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि आयुर्वेद और योग को जन-जन तक पहुंचाया जाए। कुलसचिव प्रो.ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि योग भारतीय ज्ञान परंपरा का अमूल्य हिस्सा है। यह आत्म अनुशासन, मानसिक स्पष्टता और सामाजिक सौहार्द का मार्ग है। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही समाधान है। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में आयोजित दो दिवसीय योगाभ्यास सत्रों का असर इस भागीदारी में स्पष्ट दिखा। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार और आयोजकों का आभार प्रकट किया।

## योग को जीवन में अपनाकर हम शरीर को रख सकते है स्वस्थ - नेपाल राणा



**रादौर (कुलदीप सैनी)** : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनाज मंडी रादौर में भव्य और प्रेरणादायक योग समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें करीब एक हजार से अधिक साधको ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसडीएम नरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि भाजपा नेता व कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा के पुत्र नेपाल सिंह राणा वशिष्ठ अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे। योगाभ्यास का संचालन आयुष विभाग की प्रशिक्षित टीम द्वारा किया गया। उन्होंने साधकों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया और उनके महत्व के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक डॉ. ललित सैनी ने की। इस अवसर पर भाजपा नेता नेपाल राणा ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सुख स्वस्थ जीवन है। हम तभी सभी सुख सुविधाओं को आनंद ले सकते है जब हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा।

# लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन के क्षेत्र में एक नई शक्ति बनकर उभरेगा हरियाणा: सैनी

### किसानों, उद्यमियों व व्यापारियों की बढ़ेगी समृद्धि, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

समृद्धि बढ़ेगी

▢ वेयर हाउसिंग और कोल्ड स्टोरेज तक की आधुनिक सुविधाएं अब एक ही जगह पर: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं है जब हरियाणा लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन के क्षेत्र में एक नई शक्ति बनकर उभरेगा। धीरपुर (कुरुक्षेत्र) का अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रदेश के किसानों, उद्यमियों व व्यापारियों की समृद्धि बढ़ेगी और हमारे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। हरियाणा में दुबई के सर्राफ ग्रुप का निवेश हमारी आर्थिक नीतियों और यहां के व्यापार-अनुकूल माहौल के गहरे विश्वास को दशार्ता है, जो भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मजबूत होते आर्थिक संबंधों का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को इनलैंड कंटेनर डिपो धीरपुर के पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक आधुनिक लॉजिस्टिक सुविधा का लोकार्पण नहीं है, बल्कि यह हरियाणा के सामर्थ्य, किसानों, व्यापारियों व उद्यमियों की समृद्धि और युवाओं के भविष्य को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोई भी राष्ट्र अपने अतीत की नींव पर ही अपने भविष्य का निर्माण करता है। कुरुक्षेत्र की पहचान हमेशा से बड़े और साहसिक फैसलों के लिए रही है।

आज यहां यह अंतर्देशीय कंटेनर डिपो एक ऐसा ही साहसिक और दूरदर्शी कदम है, जो हरियाणा की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय लिखेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगी। यह हरियाणा की धरती से पूरे उत्तर भारत के सामर्थ्य को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह कंटेनर डिपो 18 एकड़ भूमि पर बनाया गया है। इसके अलावा सर्राफ ग्रुप द्वारा पलवल में 115 एकड़ भूमि पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क संचालित किया जा रहा है। रेवाड़ी में भी 30 एकड़ भूमि पर ट्रांसशिप हब विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी दुबई यात्रा के दौरान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आपकी इस परियोजना को सहमति दी थी। ये आईसीडी परियोजना हरियाणा में लॉजिस्टिक व आर्थिक क्षेत्र की हमारी सरल नीतियों और गो-ग्लोबल अप्रोच पर मुहर है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस से भी आगे बढकर उद्यमियों की बिजनेस लागत को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं।

## योग के महाकुंभ में भाविप के सदस्यों ने लिया भाग



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस के पावन पुनीत अवसर पर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के मध्य स्थित विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल ब्रह्मा सरोवर पर हुए योग के महाकुंभ में भारत विकास परिषद ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई। ब्रह्मसरोवर पर आयोजित हुए इस राज्य स्तरीय योग के कार्यक्रम में लगभग एक लाख सेअधिक लोगों ने भाग लिया तथा कुरुक्षेत्र से भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र तथा मैत्रेई शाखा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बहुत से सदस्य सुबह 5:00 बजे से पूर्व ही आयोजन स्थल पर पहुंचकर अपना स्थान ग्रहण कर चुके थे।

सम्मानित

▢ भारत विकास परिषद को इस महान कार्य में सराहनीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया

उपस्थित लगभग एक लाख जनसमूह के साथ इन सभी सदस्यों ने योगाभ्यास करके योग के इस महाकुंभ में अपना विशेष योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य मंच पर उपस्थित महानुभावों द्वारा भारत विकास परिषद को इस महान कार्य में सराहनीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।

## जेएमआईटी कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



**रादौर (कुलदीप सैनी)** : जेएमआईटी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग, रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला सहित सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और छात्र शामिल हुए। 14 हरियाणा बटालियन के अंतर्गत 40 एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. यू.पी. सिंह की देखरेख में तैयार की गई। खेल प्रशिक्षक गुलशन कुमार व एनसीसी प्रभारी डिंपल कुमार ने योगाभ्यास करवाया। डॉ. गौरव शर्मा ने सभी से योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. एस.के गर्ग ने बताया कि संस्थान में छात्रों के लिए नियमित रूप से योग कराया जाता है। योग से हमारी विचार शक्ति ओर आंतरिक सामर्थ्य ज्यादा मजबूत होता है।

## योग मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने का काम करता है: सांसद सुभाष बराला

योगाभ्यास

▢ रोजमर्रा की जिंदगी में हमें योग को शामिल करके अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि योग हमारी सनातन विदा एवं धरोहर है। योग मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने का काम करता है। रोजमर्रा की जिंदगी में हमें योग को शामिल करके अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। योग मन को एकाग्र करने का भी माध्यम है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने यह अभिव्यक्ति 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेल स्टेडियम सैक्टर 10 अम्बाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपशिखा प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का योग दिवस के अवसर पर जो संदेश दिया गया उसे उपस्थित सभी ने देखा व सुना। इस मौके उपायुक्त अजय सिंह तोमर, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसीयूटी राहुल कनवरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, मंडल प्रधान गुरविन्द्र सिंह मानकपुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बीनू गर्ग, के साथ-साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों के साथ योग प्रोटोकोल के तहत योग कर-के सभी को योग से जुड? बारे प्रेरित भी किया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित सभी को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास और विरासत के नारे को सार्थक करने का काम किया गया है। राज्यसभा सांसद ने इस मौके पर यह भी कहा कि योग हमारी सनातम धरोहर भी है।

## ब्रह्माकुमरीज ने सिटी प्लाजा में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज 16 कंच घर, भारतीय योग संस्थान और नेहरू युवा केंद्र द्वारा मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अंबाला शहर के सिटी प्लाजा में मनाया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय योग संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने योगासन कराए और यह भी सिखाया कि हमें सिर्फ 21 जून को ही नहीं लेकिन रोज शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगासन करना, प्राणायाम करना बहुत जरूरी है। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि जिला यूथ ऑफिसर अर्शदीप मैडम ने कहा कि हमें अपनी फिजिकल हेल्थ और मेंटल हेल्थ की तरफ ध्यान देना चाहिए। सरकार ने भी हमें इस वर्ष थीम दिया है एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। योगा करने के लिए कोई उम्र नहीं होती, योग बुजुर्ग से बुजुर्ग भी कर सकता है और छोटा बच्चा भी कर सकता है। तो हमें नियमित रूप से योगा करना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज कंच घर आश्रम की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी ने सभी को मेडिटेशन कराया और बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान देना चाहिए।

योगासन

▢ 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय योग संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने योगासन कराए

## योग हमारी प्राचीन पद्धति, तनाव मुक्ति और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक : रामकुमार

टीम एक्शन इंडिया
इन्द्री/( मैनपाल कश्यप )



आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को स्थानीय अनाज मंडी में खंड स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक राम कुमार कश्यप सहित प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएँ, पुरुष और बच्चों ने योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापत्तनम और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

विधायक रामकुमार कश्यप ने उपस्थित जनसमूह को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 21 जून 2014 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया था और तब से हर वर्ष 21 जून को इसे पूरे विश्व में मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन में अपनाना होगा। योग हमारी प्राचीन पद्धति है और इसके माध्यम से हम अपने शरीर को गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं।

## दो युवक झज्जर जिले में जेएलएन नहर में डूबे

**झज्जर।** जिला के एक गांव में शुक्रवार की शाम दो युवक जवाहरलाल नेहरू नहर में डूब गए। वे नहाने के लिए नहर पर पहुंचे थे। उनके पर्स, चप्पल और मोटर साइकिल नहर किनारे मिले हैं। शनिवार को गोताखोरों ने डूबे युवकों की तलाश शुरू की। पुलिस भी तलाशी अभियान में मदद कर रही है। जिला के गांव आजाद नगर के रहने वाले 28 वर्षीय विकास और 32 वर्षीय अमित अपने निकटवर्ती गांव खापड़वास में एक ऑटोमोबाइल शॉप में मिस्त्री का काम सीखते थे। अपने गांव से मोटर साइकिल द्वारा रोज खापड़वास जाते। अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को भी उन्होंने दिनभर दुकान में काम किया।

## सीएम ने विज के आवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज दोपहर अम्बाला छावनी में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के कैबिनेट मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंचने पर मंत्री अनिल विज के भाई राजिंद्र विज, कपिल विज के अलावा रिटायर्ड विंग कमांडर एसडी विज, गौरव विज, शुभम विज व अन्य परिवार सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।



गौरतलब है कि ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के पांव में फ्रेक्चर की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है। विज को लगभग एक माह पहले पांव में चोट लग गई थी। चोट की परवाह किए बिना उन्होंने निरंतर विकास कार्यों का जायजा लिया तथा चंडीगढ़ सचिवालय व अन्य स्थानों पर अपने विभाग की मीटिंगों में वह सक्रिया तौर पर हिस्सा लिया। पैर में अति पीड़ा के बावजूद उन्होंने अम्बाला छावनी में बाढ़ प्रबंधों का लगातार सात घंटे तक जायजा भी लिया और जिला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। हालांकि इस दौरान उन्होंने पैर में दर्द को लेकर चिकित्सकों की सलाह पर दवाएं भी ली। मगर अति पीड़ा के बाद उन्होंने शुक्रवार को पैर का एक्स-रे कराया, चिकित्सकों ने पांव के अंगूठे में फ्रेक्चर बताया और उन्हें कुछ दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी है।

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम विनेश कुमार, कैबिनेट मंत्री अनिल विज के भाई राजिन्द्र विज, कपिल विज, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, भाजपा पदाधिकारी प्रवेश शर्मा, हर्ष बिन्द्रा, रवि बुद्धिराजा, किरण पाल चौहान, बिजेन्द्र चौहान, राजीव डिम्पल, अजय बवेजा, जसबीर जस्सी, ललिता प्रसाद, दीपक भसीन, संजीव सोनी, बी.एस. बिन्द्रा, रेणू चौहान, आरती सहगल, श्याम सुंदर अरोड़ा, बलित नागपाल, प्रमोद लक्की के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित रखने वाली समग्र जीवनशैली है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है, और आज योग को अपनाकर हम एक स्वस्थ समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।





कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेन्द्र पाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर आयुष विभाग की डॉ. समिधा शर्मा ने मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त व सूचना आयुक्त नीता खेड़ा को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। साथ ही एसडीएम विनेश कुमार, आरटीए सुशील कुमार, नायाब तहसीलदार सुनील कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, पार्षद श्याम सुंदर अरोड़ा एवं शशि लोंगिया को भी स्मृति चिन्ह कर उनका भी स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का जन-संदेश लाइव प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जीवन का प्रथम सुख निरोगी काया है, और इसके लिए योग को जीवनशैली में शामिल करना आवश्यक है। योग आज विश्व भर में अपनाया जा रहा है, और इसका श्रेय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर योग को बढ़ावा दे रही है। भाग-दौड़ भरे जीवन में योग ही संतुलन और शांति का माध्यम है। इस अवसर पर उपस्थित मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य सभी प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की क्रियाएं की। इस मौके पर योगाचार्य पंकज कुमार, रीता राणा, मिनाक्षी राणा और सोनिया शर्मा ने योगाभ्यास करवाया।

## महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में योग दिवस समारोह का सफल आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, करनाल में दिनांक 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:30 बजे हुई, जिसके पश्चात 7:00 बजे योग सत्र की विधिवत शुरूआत की गई। योग सत्र का संचालन अनुभवी योग प्रशिक्षक रघुवीर सिंह द्वारा किया गया जिन्होंने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास करवाया। ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे अनेक योगासन सिखाए गए, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं।

प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ह्लयोग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण जीवन पद्धति है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति को संतुलित एवं स्वस्थ बनाए रख सकता है।ह्व डॉ सुरेंद्र सैनी ने बताया कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास को सुनिश्चित करना है, और ऐसे आयोजन इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल हैं।

# प्रधानमंत्री के प्रयास से योग एक वैश्विक भावना और जन आंदोलन बन गया है : कृष्णा गहलावत

## -राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने योग दिवस पर लगे विभिन्न योग शिविर कार्यक्रम में शिरकत की

**योग शिविर**

**▶▶ विधायक कृष्णा गहलावत का जखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल व अन्य ग्रामीणों ने स्वागत किया**



विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव खेवडा में जखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल व अन्य ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया । इसके बाद अकबरपुर बरोटा गांव के पीएम श्री राजकीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने योग दिवस पर लगे विभिन्न योग शिविर कार्यक्रम में शिरकत कर योग के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया । वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। योग कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत का स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक व ग्रामीणों ने स्वागत किया । मंडल के अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी विधायक का स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने योग करने के बाद ग्रामीणों को योग करने की अपील करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने योग से पूरी दुनिया को जोड़ा है और यह हमारे लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग एक वैश्विक भावना और जन आंदोलन बन गया है, जो आज विभिन्न देशों के लोगों को एकता के सूत्र से जोड़ता है योग हमें शांति की दिशा दिखाता है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, अंजलि बजाज, अमित नाहरा, मनोज,कुंडली नगर पालिका चेयर पर्सन शिमला देवी , ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रदीप सबोली, अमित पहलवान, पीएम श्री स्कूल के प्रधानाचार्य व सभी शिक्षक मौजूद थे ।

# प्रदेश सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध : गहलावत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** डॉ. बी. आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ह्ययोग युक्त, नशा मुक्तह्य योग थीम पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता की । कुलपति प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र सिंह ने विधायक कृष्णा गहलावत को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।
योग कक्षा प्रारम्भ करने से पहले विश्वविद्यालय में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की प्रतिमा पर कृष्णा गहलावत द्वारा पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहां हमारी सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने और नशे के विरुद्ध जन जागरुकता को लाने के लिए पूर्णतया संकल्पबद्ध है। कुलपति प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र सिंह ने कहा कि योग हमारे देश की एक प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है, यह हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम करती है। योग प्रशिक्षक के रुपमें योगी यशपाल आर्य, प्रांत सचिव, आरोग्य भारती, हरियाणा, डॉ. बलबिन्द्र कौर, डॉ. सून्दर सिंह, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, डॉ. अमित गुलेरिया, डॉ. रामफूल, योग शिक्षक ललित कुमार आदि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ कर 25 वर्षीय युवक की मौत

**गन्नौर।** शनिवार को गन्नौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेक पार करते समय 25 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पा कर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए जीआरपी चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमारी ने बताया कि मृतक आशीष गांव नवादा, बापौली, जिला पानीपत का रहने वाला था। शनिवार को वह अपनी पत्नी के साथ गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पानीपत जाने के लिए आया था। जब वह और उसकी पत्नी पैदल ट्रैक पार करने लगे तो वह दिल्ली की तरफ से जम्मूतवी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया जबकि उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई।

### गांव में दो बीघा जमीन खरीदने के लिए पड़ रही थी रुपयों की कमी, लालच में गौरव के साथ जुड़ा था निशांत

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित एसबीआई एटीएम में छेडछाड़ कर रुपये निकालने के आरोप में पकड़े गए आरोपित निशांत कुमार का दो दिन का रिमांड समाप्त होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान पूछताछ में निशांत ने बताया कि उसके परिवार ने गांव पचाड़ा, जिला नवादा, बिहार में दो बीघा जमीन खरीदी थी। जिसकी रजिस्ट्री करवाने के लिए रुपयों की कमी पड़ रही थी। रुपयों के लालच में वह अपने पुराने साथी गौरव के संपर्क में आया था। वह 2022 में बिहार के ही रहने वाले गौरव के साथ गुरुग्राम डीएलएफ में काम करता था। गौरव के कहने पर वह वापिस दिल्ली आकर उससे मिला। इसके बाद गौरव उसे गन्नौर लेकर पहुंचा। जहां गौरव ने पहले एटीएम मशीन में प्लेट व काली टेप चिपकाई और वापिस लौट आया। बाद में एटीएम बूथ पर आने वाले उपभोक्ताओं के रुपये फस गए तो उसे रुपये निकालने के लिए एटीएम पर भेज दिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि निशांत पर पहले कोई केस दर्ज नहीं था और इससे पहले वह इस गिरोह के साथ कभी नहीं जुड़ा था। निशांत के ब्यान के आधार पर गन्नौर पुलिस अब मुख्य आरोपित गौरव और अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक जयबीर सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपित गौरव की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### योग दिवस पर यूथ वीरांगना' ने दिया स्वास्थ्य का संदेश

**सिरसा ।(रणबीर खटक)** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यूथ वीरांगना द्वारा हुड़ा कॉलोनी स्थित पार्क में योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर रोजी, नीलम, रेखा, रीना, मंदीप और आस्था सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे । सदस्याओं ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और अन्य योग क्रियाओं के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं व महिलाओं को योग के प्रति जागरूक करना और दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा देना था। मौजूद उक्त पदाधिकारियों ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है। यूथ वीरांगना समय-समय पर सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रबन्धक थाना ऐलनाबाद , रानियां, बडागुढा व महिला थाना सिरसा ने नशा मुक्त स्व साईबर ठगी से बचने का संदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा.....(रणबीर खटक)..** ऐलनाबाद थाना इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रवि कुमार ने आज थाना क्षेत्र में स्थित चौधरी देवीलाल पार्क में सभा का आयोजन कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया। "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत जिला भर में 12 जून से 26 जून तक विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है ।इस अभियान के तहत मादक पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चला रही है, लेकिन इस अभियान की सफलता के लिए जन सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार और गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे गैरकानूनी धंधा करने वालों और नशा बेचने वालों की सूचना बिना संकोच के पुलिस को दें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, युवा क्लबों और गांव में गठित कमेटियों से आह्वान किया है कि वे इस अभियान में जिला पुलिस का पूरा सहयोग करें।

# स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए जीवन में अपनाए योग: कादियान

**योग दिवस**

**▶▶ योग का नियमित अभ्यास हमें ऊजार्वान और सकारात्मक बनाए रखता है : विधायक देवेन्द्र कादियान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
विधायक देवेन्द्र कादियान ने गन्नौरवासियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व भर में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाने की एक शुभ परंपरा आरंभ हुई। विधायक देवेन्द्र कादियान ने शनिवार को नई अनाज मण्डी में आयोजित खण्ड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में गन्नौरवासियों के साथ योगाभ्यास करते हुए उन्हें योग को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कादियान ने कहा कि स्वास्थ का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। यदि हमारा शरीर, मन और मस्तिष्क स्वस्थ है तो हम इस जीवन रुपी बगीचे के हर फूल, छांव और पेड़ का अर्थात हर सुख का पूर्ण आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसव्यस्त दिनचर्या के बीच योग का नियमित अभ्यास हमें ऊजार्वान और सकारात्मक बनाए रखता है। ऐसे में योग अपनाना बहुत प्रशंसा जनक गतिविधि है। नियमित योग करने से किसी भी बीमारी को ठीक किया जा सकता है। इस दौरान पतंजलि योग समिति के योग साधिकाओं द्वारा यौगिक अभ्यास करवाया, जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, पादाहस्तासन, अर्ध- चक्रासन, त्रिकोणासन बैठने वाले आसनों में रहे। अंत मे संकल्प एवं शांति पाठ के साथ प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादियान ,खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह,ज्योति मान, समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ,डॉक्टर मनोज प्रिंसिपल जैन कालेज, प्रबंधक रविंद्र धनखड़, सुशील त्यागी आदि मौजूद थे।

# कुराड़ गांव में राजपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मनाया योग दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा के नेतृत्व में राजपुर मंडल के भाजपा के वर्करों ने कुराड़ गांव में 11वा योग दिवस मनाय। इस अवसर पर आजाद नेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए योग को आज पूरा विश्व मना रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि लगातार पूरे वर्ष अभ्यास का विषय है यदि हम लगातार अभ्यास करते हैं तभी हम इन योग क्रियाओं को पूर्ण रूप से सीख पाएंगे तथा इनका लाभ उठा पाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक ने की । इस अवसर पर वेदपाल आंतिल, पूर्व सरपंच दलिप सिंह तुफान, महामंत्री दीपक नैन, महावीर जोगी सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# योग से बढती है एकाग्रता और संतुलन: डॉ. जयप्रकाश

**सिरसा, (रणबीर खटक)**जसीडी विद्यापीठ के मैमोरियल महाविद्यालय के हॉल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग सत्र का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) जय प्रकाश थे। इस अवसर पर विद्यापीठ के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यगण, फैकल्टी सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं अन्य स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।
इस योग सत्र का संचालन योग गुरु सुमिता शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, शशांकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, पवनमुक्तासन, कपालभाति (क्रिया),अनुलोम-विलोम प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम, शीतली, प्राणायाम जैसे योगासनों का अभ्यास करवाया एवं इनकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन क्रियाओं से न केवल शारीरिक लचीलापन और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, बल्कि मानसिक संतुलन और ध्यान शक्ति में भी सुधार होता है।

# भाविप शाखा के बाल संस्कार शिविर के समापन पर किया प्रतिभागी छात्रों का सम्मान




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** चौधरी लहरी सिंह पार्क में शनिवार को भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा बाल संस्कार शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ओएसडी ने अपने सम्बोधन में कहा कि संस्कार ही किसी व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्य, अहिंसा, शिष्टाचार, माता-पिता और गुरु के प्रति आदरभाव, ईमानदारी, देशभक्ति जैसे मूल संस्कार बच्चों को निखारते हैं और उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में रक्तदान, योग दिवस और पर्यावरण विषयों पर बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर पेंटिंग्स की सराहना करते हुए ओएसडी ने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों की सोच को सकारात्मक दिशा में ले जाते हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 बच्चों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद शाखा अध्यक्ष संदीप सिंघल ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति के मूल्यों से जोड़ना है।

# चाकू से हमला कर युवक को किया घायल, दो नामजद

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव जफरपुर में शुक्रवार रात चौपाल के पास एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक सुनील ने थाना गन्नौर पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में बताया कि वह 13 जून की रात गांव की चौपाल के पास टहल रहा था। उसी दौरान गांव के ही राजू और दीपक वहां पहुंचे और बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। जब उसने विरोध किया तो दोनों ने चाकू से उस पर हमला कर दिया

# जीसीडब्ल्यू सिरसा में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**योगा**

**▶▶ योग हमारे तन - मन को स्वस्थ कर हमें सशक्त बनाता है योग भारत की अमूल्य निधि है**



**सिरसा:(रणबीर खटक)**
योग हमारे तन - मन को स्वस्थ कर हमें सशक्त बनाता है योग भारत की अमूल्य निधि है और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से पूरे विश्व को प्रदीप्त कर रहा है यह विचार राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा के प्राचार्य डॉ सज्जन कुमार ने 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित योग दिवस में अपने अध्यक्षीय संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग अपने तन-मन को एकाग्रचित्त रखते हुए अपनी जीवन पद्धति को संयमित करने की विलक्षण विधि है। उन्होंने तन व मन पर नियंत्रण हेतु योग को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाए जाने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि योग हमारे विद्यार्थियों में बेहतर एकाग्रता, बेहतर याददाश्त और समस्या समाधान कौशल को विकसित करने में योगदान देता है महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा. विक्रमजीत सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकुला के निदेर्शानुसार महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार की अध्यक्षता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीत कौर के संयोजन में आयोजित योग दिवस में प्रो. रोहतास ने योग प्रशिक्षक की भूमिका का निर्वहन किया। प्रो. रोहतास ने योग के महत्त्व, अनिवार्यता एवं मानवीय जीवन में इसकी उपयोगिता को परिभाषित करते हुए महत्त्वपूर्ण योग आसनों को प्रायोगिक स्तर पर करके दिखाया और उपस्थितजन को इनकी विधियों एवं परिणामों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीत कौर ने सभी प्रतिभागियों को 'योग से निरोग रहने' का संकल्प दिलाया ।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग करना बहुत जरूरी है : पुनीत त्यागी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** योग दिवस के अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने राई गांव में अपने आवास पर योग करवाया। योग के बारे में बताते हुए पुनीत राई ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। योग हमें सादगी, कम संसाधनों का उपभोग करने और प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। योग मन को शांत करने और शरीर को ऊजार्वान बनाने में मदद करता है। जब भी हम स्वास्थ्य और आरोग्यता की बात करते हैं तो हमारे मन में योग का ही खयाल आता है। यह एक तरह की निवारक देखभाल है क्योंकि इससे शरीर में प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण होता है। योग से हमारे अंदर एकाग्रता, आत्मविश्वास और शांति प्रवाह होता है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

# भारत में योग का इतिहास बहुत पुराना: विधायक कंवर सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** उपमंडल प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर के स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में योग साधकों ने एकरूपता का परिचय देते हुए योग व प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाचार्य मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रोटोकॉल के अनुसार योग व प्राणायाम करवाए। योग दिवस कार्यक्रम में प्रोटोकॉल अनुरूप योग करने के साथ ही



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भारत में योग का इतिहास बहुत पुराना है। इसलिए हमारे देश को विश्व गुरु कहा जाता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने की घोषणा की थी, जिसके बाद वर्ष 2015 में 21 जून को दुनियाभर में पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और ये सिलसिला लगातार जारी है। इस बार विश्वभर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि योग शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। नियमित योगाभ्यास से छोटी से बड़ी कई बीमारियों से शरीर का बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी योगासनों के नियमित अभ्यास की सलाह देते हैं।
वैसे तो कई तरह के योगासन हैं, जो अलग-अलग तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं में असरदार होते हैं, लेकिन कुछ योग ऐसे हैं जो मानसिक तौर पर तो आपको स्वस्थ रखते ही हैं, साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने मुख्यातिथि का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने मंच के माध्यम से कार्यक्रम में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति से सरकार के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम से जुड़कर शहर में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इसके बाद पार्क में मुख्यातिथि ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा लगाकर नागरिकों को अधिक से अधिक पौधा लगाने का संदेश भी दिया।
इस दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन व त्रिकोणासन, बैठकर करने वाले दंडासन, भद्रासन, व्रजासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूक व व्रजासन, पेट के बल लेटकर किए वाले मकरासन, भुजंगासन, शलभासन तथा सेतुबंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन व शवासन आदि योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।

# नव ज्योति शिक्षा सदन खुबड़ू भांवर में भाजपा पुरखास मंडल ने मनाया योग दिवस




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भाजपा पुरखास मंडल के कार्यकताओं ने नव ज्योति शिक्षा सदन के प्रांगण में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल पहुँचने पर प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने मुख्यअतिथि अरुण त्यागी व मंडल अध्यक्ष संजय गौतम का स्वागत किया।अतिथियों ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग प्रणाली भारतीय संस्कृति की एक महान देन है। आज सारा विश्व योग की शक्ति का लोहा मानता है। योग इस अवसर पर पवन कौशिक, संजीत कौशिक, पवन, सुमन कौशिक, पूनम मलिक सीमा मलिक ,निशा जांगड़ा, कोमल पांचाल, गीतांजलि धनखड़ ,तनु, मंजू धनखड़, कुसुम सैनी ,प्रिया शर्मा , मनीषा खान, पूजा शर्मा, रजनी जी, सोनू रमन आदि उपस्थित रहे।

# राजधानी कॉलेज ने उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी कॉलेज** ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह और समर्पण के साथ मनाया। जिसमें योग अभ्यासों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को रेखांकित किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की योग एवं ध्यान समिति 'अन्तर्मन' द्वारा, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजधानी कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रातःकाल का शुभारंभ कॉलेज के मैदान में एक शांत योग सत्र के साथ हुआ। जहाँ प्रतिभागी अनुशासित



पंक्तियों में एकत्रित हुए। इस सत्र का मार्गदर्शन अनुभवी योग प्रशिक्षक प्रीतिश मौर्या ने किया। सत्र की शुरूआत पारम्परिक मंत्रोच्चारण और वार्म-अप अभ्यासों से हुई, जिसने योग अभ्यास के लिए एक शांत वातावरण निर्मित किया। राजधानी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दर्शन पांडेय ने योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि



योग सीमाओं और संस्कृतियों से परे जाकर, व्यक्ति में सामंजस्य और आंतरिक शांति को बढ़ावा देता है। योग सत्र के दौरान विभिन्न योगासन और प्राणायाम तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

# राजीव भवन में सभी लोकसभा आर्ब्जवर, जिला ऑबर्जवर और जिला अध्यक्षों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: संगठन सृजन** अभियान के तहत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में सभी लोकसभा आर्ब्जवर, जिला ऑबर्जवर और जिला अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों जिनमें ब्लाकों के अंतर्गत मंडलम और सेक्टर बनाना और आगामी दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ अभाक कमेटी के प्रभारी सचिव सुखविन्दर सिंह



डेनी, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता सहित सभी जिला अध्यक्ष, लोकसभा और जिला आर्ब्जवर भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि लोकसभा और जिला आर्ब्जवरों एवं जिला अध्यक्षों को जो ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अंतर्गत मंडलम और सेक्टर बनाने का काम किया सौंपा था, वह 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है और जल्द मंडलम और सेक्टर बनाने का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा व जिला आर्ब्जवरों के ब्लाक अध्यक्षों के साथ बूथ स्तर तर पहुंचकर काम करना सराहनीय है जिसके कारण ही मंडलम और सेक्टर के गठन का काम पूरा हो सका है और बूथ तक लोगों से मिलकर मंडलम और सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त करने से संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत हो रहा है। यादव ने कहा कि आगामी नगर निगम उप चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है और सभी रिक्त पड़े सभी 12 वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी क्षमता के साथ काम कर रही है।

# निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने किया आजादपुर के शादी नगर क्षेत्र का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वार्ड-14** धीरपुर की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने सुबह अपनी टीम और दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ आजादपुर के शादी नगर क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। यह दौरा क्षेत्र की समस्याओं को मौके पर समझने और उनके त्वरित समाधान के लिए आयोजित किया गया था। जो अत्यंत सफल रहा। इस महत्वपूर्ण दौरे में एमसीडी के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिनमें जेई (वर्क्स) रवि गुप्ता अपनी टीम के साथ, सैनिटरी इंस्पेक्टर प्रदीप चौधरी, एएसआई डैनियल, विनोद पांडे, श्याम, हॉर्टिकल्चर से नरेंद्र चौधरी, मलेरिया विभाग से इंस्पेक्टर राजबीर, महावीर मलिक और



एस.जी. अली, अनिल पीएचआई, राजीव विज एलआई आदि शामिल थे। सभी टीम सदस्यों ने अपनी ओर से बेहतरीन सहयोग दिया।
पार्षद नेहा अग्रवाल ने स्थानीय निवासियों से सीधे मुलाकात की और उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को तत्काल दिशा-निर्देश दिए। निवासियों ने अपनी निगम पार्षद का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया और उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान,



पार्षद नेहा अग्रवाल ने लाल बाग से आने वाली शादी नगर की मुख्य नाली की तत्काल सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सूचित किया कि अगले 1-2 दिनों में सिविल लाइंस जोन और केशवपुरम जोन के उपायुक्तों सहित वरिष्ठ अधिकारियों, दोनों पार्षदों और जोन अध्यक्षों के साथ एक विशाल दौरा भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान लाल बाग और शादी नगर की मुख्य नालियों के मुद्दों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं पर भी गौर किया जाएगा। आजादपुर



आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि भी इस दौरान उपस्थित थे। जिनमें अध्यक्ष राजेश गौड़, वेद अग्रवाल, मुकेश सिंघल, हबीबुल्लाह और असगर अली शामिल थे। उन्होंने पार्षद को स्थानीय मुद्दों से अवगत कराया। स्थानीय निवासी और सामुदायिक नेता जैसे काले भाई, राम अवतार, राजू, भगवाना पंडित, कमरुद्दीन, त्रिभुवन चौबे, हरीश चंद्र और प्रदीप कुमार भी मौजूद थे, जिन्होंने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पार्षद नेहा अग्रवाल ने उन्हें सभी समस्याओं के शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया।
आम आदमी पार्टी, वार्ड-14 धीरपुर की मुख्य टीम ने भी अपनी पार्षद का इस दौरे में साथ दिया, जिनमें अध्यक्ष दिनेश तंवर, संगठन मंत्री अनिल रतन मोंटी, विधानसभा महिला अध्यक्ष प्रीति राजपूत, प्रभारी राकेश, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, निशा, अरविंद तिवारी, मंडल संगठन मंत्री राजकुमार, पार्षद प्रतिनिधि टिंकू शर्मा और मनप्रीत सिंह, युवा नेता अनुभव और शाहरुख शामिल थे।
यह दौरा स्थानीय समस्याओं को हल करने और नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र के विकास के प्रति निगम पार्षद नेहा अग्रवाल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# छत्रसाल स्टेडियम में मनाया गया योग दिवस





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय योग** दिवस उपलक्ष्य पर 21 जून को भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर दुनिया भर के राजनेताओं ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर विश्व को स्वास्थ्य रहने का संदेश दिया। इसी कड़ी में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में करीब एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केबिनेट मंत्री आशीष सूद, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशोक गोयल देवराहा, चांदनी चौक से जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग, मॉडल टाउन से मंडल अध्यक्ष शैफाली मनचंदा, कैलाश गुप्ता, शेरसिंह योगी, हिमांशु योगी, डा.शिवचरण योगी, डा.नरेश उपाध्याय, बीना बहल, राजेश टूटेजा, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान शिवचरण योगी ने कहा कि योग विश्व को भारतीय संस्कृति की एक अनमोल देन है, जो शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

# योग ने दुनिया को सिखाया स्वस्थ रहना: शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य पर भाजपा के आनन्द विहार मंडल में करीब एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, निगम पार्षद मोनिका पंत, विधायक ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व पार्षद गुंजन गुप्ता, अनिल शर्मा सहित मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी रही। सचिन शर्मा ने इस दौरान कहा कि योग विश्व को भारतीय संस्कृति की एक अनमोल देन है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आते हैं। आज योग दुनिया भर में लोकप्रिय हो गया है और इसके लाभों को वैज्ञानिक रूप से भी प्रमाणित किया गया है। इस दौरान अमन शर्मा, अमन पंड़ित, राहुल शर्मा, लवली धमीजा, दिनेश अरोड़ा भी कार्यक्रम में मौजूद रहें।

# बुराड़ी: संत नगर मंडल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस पर भारत सहित पूरे विश्वभर में योग दिवस का आयोजन किया गया और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित तमाम बड़े-बड़े नेताओं ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर देश को स्वास्थ्य रहने का संदेश दिया।
तो वहीं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-9 स्थित शांति कुंज पार्टी लॉन में मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट के नेतृत्व योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के दौरान संत नबर वार्ड से पूर्व मंडल अध्यक्ष राजन शर्मा, पूर्व विधानसभा प्रभारी व पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व निगम पार्षद कस्तूबानंद बलौदी के अतिरिक्त बूथ संयोजक जगमोहन बिष्ट, हरे राम,विजय



चौहान, जयमल, गोपाल दत्त उपाध्याय, गोपाल घोष, नवीन जोशी, संजय यादव, रामपुकार ठाकूर, नंदराज वंश, मंडल महामंत्री बबलू मिश्रा, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष चंदन झा, पूर्वांचल मोर्चा महामंत्री दिलीप सिंह, लवली शर्मा, सुरेंद्र मेहरा, मंडल मंत्री नरेंद्र प्रताप चौहान, शक्ति केंद्र प्रमुख राज कुमार गुप्ता सहित



अनेक गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस मौके पर संगीता ने कहा कि योग विश्व को भारतीय संस्कृति की एक अनमोल देन है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता




है, एकाग्रता बढ़ती है और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आते हैं। आज योग दुनिया भर में लोकप्रिय हो गया है और इसके लाभों को वैज्ञानिक रूप से भी प्रमाणित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया है, यह भारतीय संस्कृति के लिए गर्व की बात है।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत नगर स्थित स्पोर्ट काम्पलेक्स में योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य।

# मेरा युवा भारत पश्चिम दिल्ली द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मेरा युवा** भारत पश्चिम, दिल्ली नांगलोई केंद्र द्वारा एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम को लेकर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत पश्चिम, दिल्ली नांगलोई की जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की उपस्थिति में नोडल प्रमुख की भूमिका में 50 स्वयंसेवकों के साथ इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट नई दिल्ली में योग दिवस पर समग्र कल्याण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को रेखांकित करने वाली योग गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीटीबी अस्पताल में माया नारायण मेमोरियल ट्रस्ट, डॉक्टर एंड इम्पलाइज एसोसिएशन, यूसीएमएस एंड जीटीबी हॉस्पिटल, एकदाना फाउंडेशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (पूर्वी दिल्ली) की ओर से योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग गुरु एस बी शर्मा ने सभी को योग कराया और योग का जीवन में क्या महत्व है इसके बारे में भी बताया। डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. धनंजय कुमार ने बताया कि इस



योग दिवस कार्यक्रम में साढे तीन सौ से ज्यादा डाक्टर और कर्मचारियों ने योग किया। इस मौके पर एकदाना फाउंडेशन के फाउंडर ट्रस्टी अमित कुमार, माया नारायण मेमोरियल ट्रस्ट दिल्ली के सुनील कुमार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ शमा बत्रा, पूर्व अध्यक्ष डॉ राधा जैन, डॉ ग्लैडेविन त्यागी, डॉ ममता ठाकुर, दिल्ली पुलिस के एसीपी अक्षय कुमार, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पवार, विनोद चंद्रवंशी, पूर्व पार्षद बहन रिंकू दीदी को डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ धनंजय कुमार ने सम्मानित किया।

## सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रिबाकिना को हराया, ज्वेरेव हाले ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे




**बर्लिन :** एरिना सबालेंका ने बर्लिन ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार मैच प्वाइंट बचाकर एलिना रिबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला माकेर्टा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा। हाले टेनिस टूनार्मेंट में अस्वस्थ होने के बावजूद ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराने में सफल रहे। ज्वेरेव ने पांचवीं बार इस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ज्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूनार्मेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी। ज्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक डेनिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-3 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव के बीच खेला जाएगा। बुब्लिक ने टॉमस माचैक को 7-6, 6-3 से, जबकि खाचानोव ने टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 6-2 से हराया था।

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनेजर नूनो एस्पिरिटो सैंटो का करार 2028 तक बढ़ाया



**नॉटिंघम।** प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट ने अपने मैनेजर नूनो एस्पिरिटो सैंटो का अनुबंध तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। अब नूनो 2028 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। यह निर्णय आगामी 2025/26 सीजन से पहले लिया गया है। 51 वर्षीय नूनो ने पिछले सीजन में फॉरेस्ट को प्रीमियर लीग में सातवें स्थान पर पहुंचाया और क्लब को 1995/96 सीजन के बाद पहली बार यूरोपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कराया। क्लब द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, "नॉटिंघम फॉरेस्ट यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि नूनो एस्पिरिटो सैंटो ने क्लब के साथ एक नया तीन वर्षीय अनुबंध साइन किया है। क्लब के मालिक एवेंजेलोस मरिनाकिस ने उन्हें यह अनुबंध सौंपा है।" पिछले सीजन में फॉरेस्ट ने लंबे समय बाद लिवरपूल (55 साल) और मैनचेस्टर यूनाइटेड (30 साल) के खिलाफ उनकी जमीन पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा, क्लब एफए कप के सेमीफाइनल तक भी पहुंचा, हालांकि उन्हें मैनचेस्टर सिटी से हार का सामना करना पड़ा। नूनो के नेतृत्व में टीम ने 1967 के बाद से अपनी सबसे लंबी टॉप-फ्लाइट जीत श्रृंखला भी हासिल की। उनकी शानदार रणनीति और प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर, दिसंबर और मार्च में प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ द मंथ का पुरस्कार भी मिला- जो कि किसी भी अन्य मैनेजर से अधिक था। अपने अनुबंध विस्तार को लेकर नूनो ने कहा, "मैं इस शानदार फुटबॉल क्लब के साथ अपनी यात्रा जारी रखने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। जब से हम फॉरेस्ट आए हैं, हमने खिलाड़ियों, प्रशंसकों और क्लब के बीच एक खास रिश्ता बनाने की पूरी कोशिश की है, जिसने हमें पिछले सीजन में बड़े लक्ष्य हासिल करने में मदद की।" उन्होंने कहा, "मैं क्लब के मालिक मरिनाकिस का उनके निरंतर समर्थन और भरोसे के लिए आभार व्यक्त करता हूं। हमारे बीच मजबूत और सकारात्मक संबंध है और हम एक साझा लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। अब समय है और भी कड़ी मेहनत करने का, ताकि हम मिलकर और यादगार पल रच सकें।" क्लब के मालिक एवेंजेलोस मरिनाकिस ने भी खुशी जाहिर करते

# नीरज चोपड़ा ने दो साल बाद जीता पहला डायमंड लीग खिताब



**पेरिस/नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर विश्व मंच पर अपना लोहा मनवाया। उन्होंने पेरिस के शारलेती स्टेडियम में आयोजित डायमंड लीग मीट में शुक्रवार (भारतीय समयानुसार शनिवार) को शानदार प्रदर्शन करते हुए दो साल बाद अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। नीरज ने अपने पहले ही प्रयास में 88.16 मीटर दूर भाला फेंककर बढ़त बना ली, जो अंत तक कायम रही और उन्हें विजेता घोषित किया गया। यह उनके सीजन का दूसरा डायमंड लीग इवेंट था। इससे पहले उन्होंने मई में दोहा में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पहली बार 90 मीटर की दूरी पार करते हुए 90.23 मीटर भाला फेंका था, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। जर्मनी के जूलियन वेबर, जिन्होंने नीरज को इस साल दोहा डायमंड लीग और पोलैंड में जनुज कुशोचिंस्की मेमोरियल में हराया था, इस बार 87.88 मीटर की दूरी के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के लुइज मौरिसियो दा सिल्वा ने 86.62 मीटर का प्रयास कर तीसरा स्थान हासिल किया और अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अमेरिका का नया रिकॉर्ड भी बनाया। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, जिनसे कड़ी टक्कर की उम्मीद थी, 80.29 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कोशिश के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वॉलकॉट ने 81.66 मीटर फेंककर चौथा स्थान प्राप्त किया। नीरज के लिए यह पेरिस डायमंड लीग में आठ साल बाद वापसी थी। पिछली बार वह 2017 में एक जूनियर वर्ल्ड चैंपियन के रूप में इस प्रतियोगिता में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने 84.67 मीटर भाला फेंककर पांचवां स्थान हासिल किया था। नीरज चोपड़ा का अगला मुकाबला अब 24 जून को चेक गणराज्य में होने वाले ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में होगा। इसके बाद 5 जुलाई को वह बेंगलुरु में 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' के पहले संस्करण की मेजबानी करेंगे, जो वर्ल्ड एथलेटिक्स की कैटेगरी-ए की प्रतियोगिता है।

# 93 साल में पहली बार हुआ ऐसा, गिल-यशस्वी खास क्लब में शामिल

लीड्स टेस्ट के पहले दिन लगी रिकॉर्ड्स की झड़ी



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट गंवाकर 359 रन बना लिए हैं। यह इंग्लैंड में पहले दिन भारत द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

भारत ने इंग्लैंड में जून 1932 में पहला टेस्ट खेला था। तब से लेकर गुरुवार तक इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन भारत का सर्वश्रेष्ठ टोटल सात विकेट पर 338 रन का था, जो टीम इंडिया ने 2022 में एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन बनाए थे।

93 साल में पहली बार भारत ने इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन 350 रन का आंकड़ा पार किया। वहीं, ऋषभ पंत ने टेस्ट में 3000 रन भी पूरे कर लिए, लेकिन एडम गिलक्रिस्ट का एक रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। वहीं, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल दोनों ने शतक लगाया और खुद को एक खास क्लब में शामिल कर लिया।

**भारत का पहले दिन सर्वश्रेष्ठ स्कोर:** 359/3 इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन भारत का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वहीं, 2003 के बाद भारत के अलावा किसी मेहमान टीम ने इंग्लैंड में पहले दिन 350 का आंकड़ा पार नहीं किया है। 2003 में पिछली बार किसी मेहमान टीम ने इस आंकड़े को पार किया था। तब दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट के पहले दिन चार विकेट गंवाकर 362 रन बनाए थे।

यह भारत का किसी विदेशी दौरे पर टेस्ट के पहले दिन तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2017 में गॉल टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ पहले दिन 399/3 और 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्लोमफोंटेन टेस्ट के पहले दिन 372/7 का स्कोर बनाया था।

**गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ने से चूके पंत:** ऋषभ पंत इसी के साथ टेस्ट में 3000 रन और गिल ने 2000 रन पूरे कर लिए। पंत ने 76 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। विकेटकीपर बल्लेबाजों में सिर्फ एडम गिलक्रिस्ट ने ही 3000 रन बनाने के लिए उनसे कम पारियां खेली थीं। गिलक्रिस्ट ने ऐसा 63 पारियों में किया था।

**गिल कप्तानी डेब्यू पर शतक लगाने वाले चौथे सबसे युवा**

गिल टेस्ट में बतौर कप्तान डेब्यू करते हुए शतक लगाने वाले पांचवें भारतीय हैं। हेडिंग्ले में उनकी नाबाद 127 रन की पारी किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बतौर कप्तान डेब्यू करते हुए तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 1951 में इंग्लैंड के खिलाफ विजय हजारे ने 164* रन बनाए थे और 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली ने 141 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, गिल कप्तान के रूप में अपनी पहली पारी में शतक बनाने वाले 23वें खिलाड़ी हैं। साथ ही हर्बी टेलर, एलेस्टेयर कुक और स्टीवन स्मिथ के बाद चौथे सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं।

**यशस्वी इंग्लैंड में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय**

यशस्वी जायसवाल ने विदेशी जमीन पर तीन टेस्ट शतक बनाए हैं। उन्होंने 2023 में रोसेउ में 171, 2024 में पर्थ में 161 और अब लीड्स में 101 रन बनाए। तीनों शतक इन देशों में उनके पहले टेस्ट में आए हैं। यशस्वी से पहले वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में किसी अन्य खिलाड़ी ने अपने पहले टेस्ट में शतक नहीं लगाए हैं। इतना ही नहीं, यशस्वी इंग्लैंड में टेस्ट शतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय भी हैं। जब उन्होंने लीड्स में शतक लगाया तो उनकी उम्र 23 वर्ष 174 दिन की रही। सिर्फ सैयद मुश्ताक अली ने उनसे कम उम्र में इंग्लैंड में टेस्ट शतक बनाया था। 1936 में ओल्ड ट्रैफर्ड में जब सैयद मुश्ताक ने 112 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 21 वर्ष और 221 दिन थी।

## इंग्लैंड के गेंदबाजी के फैसले पर दो दिग्गज भिड़े, वॉन ने की स्टोक्स की आलोचना



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स के हेडिंग्ल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अब इसकी खूब आलोचना हो रही है। इंग्लैंड से जुड़े दो दिग्गज ही आपस में भिड़ गए हैं। इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और मौजूदा इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का इस मामले को लेकर बयान सामना आया है। वॉन ने पहले गेंदबाजी के फैसले की आलोचना की है, तो वहीं साउदी ने फैसले का बचाव किया है।

भारत ने हेडिंग्ले टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट गंवाकर 359 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल 127 रन और उपकप्तान ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं। वहीं, यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की पारी खेली। इसके अलावा केएल राहुल ने 42 रन बनाए, जबकि साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके।

**'स्टोक्स के पहले गेंदबाजी करने के फैसले से हैरान हूं'**

पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। वॉन ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, 'मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। स्टोक्स को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा।'

स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने ज्यादातर टेस्ट में पहले फील्डिंग करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वॉन इससे सहमत नहीं हैं।

## काले मोजे! इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की यह चूक उन पर पड़ सकती है भारी

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी सुना है कि किसी खिलाड़ी को टेस्ट में काले मोजे पहनने के लिए सजा मिली हो! अब ऐसा होते हुए शायद आप सुन सकते हैं। शुक्रवार को भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल काले मोजे में मैदान पर उतरे, जो कि आईसीसी के नियमों का उल्लंघन है। गिल ने शुक्रवार को लीड्स के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की थी और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। वह 127 रन बनाकर नाबाद हैं। बतौर कप्तान टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले वह छठे भारतीय बने। यह एशिया के बाहर भी उनका पहला शतक रहा। गिल के अलावा ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली।



**क्या गिल ने किया आईसीसी के नियमों का उल्लंघन?**

अपनी कप्तानी में शानदार शुरूआत के बावजूद, गिल को आईसीसी के कपड़ों के नियमों के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उल्लंघन उनके पहले दिन की पारी के दौरान काले मोजे पहनने के कारण हो सकता है। आईसीसी के वस्त्र और उपकरण नियमों के खंड 19.45 के मुताबिक, खिलाड़ियों को केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंगों के मोजे पहनने की अनुमति है। यह नियम मई 2023 में लागू हुआ था। वनडे में भी इन्हीं तीन रंगों की अनुमति है, साथ ही मैदान पर उतरते वक्त पहने गए ट्राउजर के बेस कलर के मोजे को पहनने की भी अनुमति है। स्काई स्पोर्ट्स ने भी गिल के काले मोजे पहनने को लेकर ट्वीट किया है।

**गिल पर कार्रवाई को लेकर कौन लेगा फैसला?**

गिल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय मैच रेफरी पर निर्भर करता है। उन्हें यह निर्धारित करना होगा कि क्या यह जानबूझकर स्तर-एक का अपराध था या नहीं।

## खेल मंत्री मांडविया ने 1500 से अधिक योग साधकों के साथ किया योगाभ्यास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्य शुरूआत विशाखापत्तनम से हुई, जहां उन्होंने देशवासियों को योग के माध्यम से एकता और स्वास्थ्य का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, "योग ने दुनिया को जोड़ा है और यह सभी के लिए हैझ सीमाओं, पृष्ठभूमियों, उम्र और क्षमताओं से परे।" प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम के साइक्लिंग वेलोड्रोम में आयोजित फिट इंडिया कल्ट योगाथॉन में 1500 से अधिक योग साधकों के साथ सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय के 'योग संगम' अभियान के तहत किया गया था, जिसमें ट८ ईं१३ के 400 से अधिक स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया के साथ पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान रानी रामपाल, कॉमनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट प्रियंका गोस्वामी और लोकप्रिय अभिनेता-अभिनेत्री जैकी भगनानी, रकुल प्रीत सिंह और मधुरिमा तुली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी को 'फिट इंडिया आइकन' घोषित




किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**महाराष्ट्र के जलगांव में एमओएस रक्षा ने किया नेतृत्व**

योग दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने अपने संसदीय क्षेत्र जलगांव में आयोजित योग संगम कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में 3000 से अधिक योग साधकों ने भाग लिया। उनके साथ महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन और वस्त्र मंत्री संजय सावकारे भी मौजूद थे।

**योग: 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' का प्रतीक: मांडविया**

डॉ. मांडविया ने कहा, "योग हमारी संस्कृति है और इसे हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। योग दिवस को 'योग संगम' के अंतर्गत पूरे देश में 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' थीम के साथ मनाया जा रहा है। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे नियमित रूप से योग करें। योग एक स्वस्थ और फिट जीवन का मंत्र है।"

**जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह का संदेश**

जैकी भगनानी ने सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "मैं कभी 150 किलो का था और अब 75 किलो का हूं। फिटनेस ने मेरा जीवन बदला है। हमारे खेल मंत्री खुद 'संडे ऑन साइकिल' जैसे अभियानों के जरिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।" रकुल प्रीत सिंह ने कहा, "योग किसी भी उम्र या जिम की जरूरत के बिना घर पर भी किया जा सकता है। हम चाहते हैं कि युवा फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।"

**रानी रामपाल और प्रियंका गोस्वामी का प्रेरक संदेश**

पद्मश्री अलंकृत रानी रामपाल ने कहा, "योग सभी के लिए लाभकारी है। यदि हमारे मंत्री अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर फिटनेस को प्राथमिकता देते हैं, तो हमें भी ऐसा करना चाहिए। एक फिट और स्वस्थ भारत ही विकसित भारत का निर्माण कर सकता है।"

## लिवरपूल ने फ्लोरियन विर्ट्ज़ को बायर लेवरकुसेन से किया साइन

**लंदन।** प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने शुक्रवार को जर्मनी के स्टार फॉरवर्ड फ्लोरियन विर्ट्ज़ को बायर लेवरकुसेन से साइन कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह डील 116 मिलियन पाउंड (करीब 156 मिलियन डॉलर) में हुई है, जो ब्रिटिश फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी डील बन गई है। 22 वर्षीय विर्ट्ज़ को यूरोपीय फुटबॉल के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं में गिना जाता है।

उन्होंने 2023/24 सीजन में बायर लेवरकुसेन को न केवल क्लब के इतिहास का पहला बुंदेसलीगा खिताब जिताया, बल्कि जर्मन कप भी दिलाया झ वो भी पूरे सीजन एक भी मैच हारे बिना।

## भारतीय महिला पहलवानों का कमाल, अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) :** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी




(59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया।

ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पधाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

## अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य खो-खो संगठन द्वारा रायगढ़ जिले के लैलूंगा स्थित मिनी स्टेडियम में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय 5वीं राज्यस्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह आयोजन अदाणी फाउंडेशन द्वारा गारे पेलमा 3 के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जो क्षेत्रीय विकास और खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रायगढ़ जिला खो-खो संघ की मेजबानी में आयोजित इस प्रतियोगिता ने युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता



प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 22 जिलों से अंडर-17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में 500 से अधिक खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अदाणी फाउंडेशन ने प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे खिलाड़ियों को एक अनुकूल वातावरण प्राप्त हुआ।

तीन दिनों तक चली इस कार्यक्रम का आज शनि?वार को समापन रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि? ह्लखेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो हमें चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण भी विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में दुर्ग जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि बालक वर्ग में रायपुर जिले की टीम अव्वल रही। प्रतियोगिता का समापन रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया। उन्होंने कहा, ह्लऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं और समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं ह्व इस अवसर पर लैलूंगा के पूर्व विधायक संत्यानंद राठिया और जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार भी उपस्थित रहे।

फास्ट न्यूज

## बारिश में खुली नगर पालिका की पोल, सड़के जलमग्न

**बलरामपुर।** बलरामपुर में पहली ही बारिश ने नगर पालिका की तैयारियों की पोल खोल दी है। वर्षों से अधूरी पड़ी नाली निर्माण की समस्या अब नगरवासियों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। जिला मुख्यालय की गौरव पथ सड़क पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कें – जलमग्न हो रही हैं, जिससे गंदगी, कीचड़ और बदबू फैल रही है।

नागरिकों ने हिन्दुस्थान समाचार के प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया कि गौरव पथ का निर्माण कई साल पहले किया गया था, लेकिन नाली निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजा यह है कि बारिश का पानी सड़क पर ही रुक जाता है। लगातार जलभराव से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति बीएमओ कार्यालय परिसर में देखी जा रही है, जहां हल्की बारिश में भी पानी भरकर डबरी बन जाता है। गौरव पथ से जल निकासी नहीं होने के कारण सारा पानी कार्यालय परिसर में जमा हो जाता है। उन्होंने बताया कि पानी सूखने के बाद वहां दुर्गंध फैलने लगती है, जिससे कर्मचारियों और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने नगर पालिका से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नाली निर्माण पूरा नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ेगी।

## लगेज बिना पटना पहुंचीं फ्लाइट, यात्रियों ने किया हंगामा

**पटना।** जय प्रकाश नारायण (जेपी) पटना हवाई अड्डे पर विमान कंपनियों की लापरवाही से यात्रियों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। शनिवार सुबह एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट क-2936, चेन्नई से पटना पहुंची। फ्लाइट में 186 यात्री सवार थे, लेकिन करीब दो दर्जन से अधिक यात्रियों का सामान चेन्नई में ही छोड़ दिया गया। इससे नाराज यात्रियों ने हंगामा किया। विमान ने जैसे ही पटना हवाईअड्डे पर लैंड किया तो अनाउंसमेंट किया गया कि यात्रियों का लगेज 4 नंबर बेल्ट पर आएगा। लेकिन जब यात्री वहां पहुंचे तो उन्हें सामान नहीं दिखा। एयर इंडिया की ओर से बाद में बताया गया कि विमान में वजन अधिक होने की वजह से लगेज लोड नहीं किया जा सका। इस पर नाराज यात्रियों ने पटना एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# योग से भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया: मुख्यमंत्री

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गोरखनाथ मंदिर में सामूहिक योगाभ्यास किया सीएम योगी ने, योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन, इसे बढ़ाने का श्रेय पीएम मोदी को: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**


**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है। योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यही वजह है कि आज 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्व योग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए कहा है,



ह्यशरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्ह्ल। (शरीर ही धर्म के पालन का साधन है)। सीएम योगी ने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ काम, मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर ही संसार सांसारिक उत्कर्ष और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है। धनोपार्जन से लोक कल्याण हो, कामनाओं की पूर्ति हो या फिर मुक्ति का मार्ग, इन सबके लिए स्वस्थ शरीर ही माध्यम है। उन्होंने कहा कि धर्म पालन का साधन बनाने और चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति के लिए शरीर को स्वस्थ रखने का कार्य योग से होता है। इसी योग को भारती ने लोक कल्याण का माध्यम बनाया और फिर इसके जरिये विश्व कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज योग के अलग-अलग आयाम देखने को मिलते हैं। भारतीय मनीषा ने योग के माध्यम से चेतना के उच्च आयाम से दुनिया को अवगत कराया। व्यक्तित्व विकास से लेकर ब्रह्मांड के रहस्यों को उद्घाटित करने तक योग के समृद्ध ज्ञान को विरासत के रूप में वेदों, उपनिषदों, पुराणों, स्मृतियों और शास्त्रों में प्रस्तुत किया।

## सीएम ने सुना पीएम का संबोधन, किया योग का अभ्यास

*11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन देखा व सुना। इसके बाद उन्होंने सभागार में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षुओं के साथ योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास किया। योग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नियमित दिनचर्या का अनिवार्य व अपरिहार्य हिस्सा है। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल सहित कई अधिकारियों, योग साधकों, प्रशिक्षुओं और जनसामान्य ने योगाभ्यास किया। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार के अतिरिक्त भवन के बाहर और मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।*



सीएम योगी ने कहा कि योग की प्राचीन भारतीय परंपरा को आधुनिक युग में आगे बढ़ने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। ऐसे दौर में जब बाहरी लोग योग के आसनों को पेटेंट कराने लगे थे और भारत अपनी विरासत से वंचित हो रहा था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में पहल कर योग को वैश्विक मान्यता दिलाई। पीएम मोदी के ही प्रयास से 21 जून 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरूआत हुई। आज भारत ही नहीं, दुनिया के 190 देश योग दिवस से जुड़े हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भारत की ऋषि परंपरा के प्रति कृतज्ञापित करने और आने वाली पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का प्रयास है।

**योगमय शरीर से दूर रहती है बीमारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग से बीमारियों से मुक्ति पाना संभव है। कहा भी गया है, ह्यन तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्ह्ल। (योगाभ्यास से तपा हुआ शरीर रोग, जरा (बुढापा) एवं मृत्यु से मुक्त हो जाता है)।

## आठ देशों के डेलिगेट्स के साथ मुख्यमंत्री ने किया योग



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण और आठ मित्र देशों के डेलिगेट्स के साथ सामूहिक योग कर "हर घर योग, हर जन निरोग'ह्ल का संदेश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाएंगे। योग कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योग नीति पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्य में योग नीति का औपचारिक शुभारंभ भी किया। उन्होंने "एक वृक्ष, योग के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा परिसर में सेब का पौधा भी लगाया। इस मौके पर

**योग दिवस**

**मुख्यमंत्री ने किया उत्तराखंड में योग नीति का किया औपचारिक शुभारंभ**

मुख्यमंत्री ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विदेशी मेहमानों के सान्निध्य में इस आयोजन को वैश्विक पहचान मिलेगी। भराड़ीसैंण, गीष्मकालीन राजधानी होने के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र भी है। उन्होंने कहा आठ मित्र राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ किया गया सामूहिक योगाभ्यास, देवभूमि उत्तराखंड को योग और अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## मुख्यमंत्री ने बीएसएफ जवानों से किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**जैसलमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जांबाज हर तरह की परिस्थितियों में अड़िग रहकर दिन-रात हमारी सीमाओं की रक्षा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा के साथ ही कानून व्यवस्था, अपराध की रोकथाम, सामाजिक समरसता बनाए रखने और आपदा प्रबंधन में बीएसएफ के जांबाज हर मोर्चे पर मुस्तैदी से डटे रहते हैं। शर्मा शनिवार को भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट स्थित मां तनोट राय मंदिर परिसर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ संवाद कर रहे



थे। उन्होंने बीएसएफ के जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन के छक्के छुड़ाकर हम सबको गौरवान्वित किया है। बीएसएफ और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया के सामने बहादुरी का एक अद्वितीय उदाहरण पेश किया है।

**हमारी बीएसएफ दुनियाभर में अग्रणी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बीएसएफ ने जल, थल और वायु सुरक्षा इकाइयों का गठन कर दुनिया भर के सभी सीमा सुरक्षा बलों में अग्रणी बनाया है। बीएसएफ आज दुनिया का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित सीमा सुरक्षा बल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों को बेहतर आवास, स्वास्थ्य सुविधाएँ, शिक्षा और आधुनिक उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान प्रदेश के अंतराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रिक्त पद भरे तथा लगातार संपर्क बनाए रखा। यहां के नागरिकों से भी देशभक्ति का जज्बा, देशप्रेम और बीएसएफ के कार्यों की सराहना देखने को मिलती है।

## बालोद जिले में डायरिया के कारण युवक की मौत, चार गंभीर

**बालोद/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के ग्राम तरौदा में बीती देर रात डायरिया के कारण युवक मोहित निसाद की मौत हो गई। जिला अस्पताल में भर्ती चार अन्य मरीजों की हालत गंभीर है। वहीं, गांव में 15 अन्य प्रभावितों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य शिविर में चल रहा है, जिन्हें प्राथमिक लक्षणों के आधार पर निगरानी में रखा गया है। जिले केसीएमएचओ महेश सूर्यवंशी ने आज युवक की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि गांव में दूषित पानी से डायरिया फैला है।

## हमारी सरकार ने शुरू से ही महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया है : नीतीश



नीतीश कुमार

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 'महिला संवाद' कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही हमलोगों ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरूआत की गयी। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। अब बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार से अधिक है. जो देश में सबसे अधिक है। वर्ष 2016 से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसे 'जीविका' नाम दिया, इससे जुड़नेवाली महिलाओं को हमने 'जीविका दीदी' कहा।

## पांवटा साहिब के माजरा की घटना जिहाद मामले में भाजपा नेताओं पर दर्ज केस हों रद्द : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब के माजरा क्षेत्र में युवती के लापता होने व बरामदगी की घटना को लेकर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है। भाजपा ने इस मामले को लव जिहाद करार देते हुए कांग्रेस सरकार पर सनातन विरोधी मानसिकता और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का गंभीर आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को शिमला में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि 18 वर्षीय हिंदू युवती 4 जून को



संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। परिजनों ने 5 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन एफआईआर 10 जून को दर्ज की। आरोप लगाया कि पुलिस को युवती की लोकेशन की जानकारी होने के बावजूद कोई भी त्वरित या गंभीर कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि बाद में युवती को बरामद कर लिया गया। कहा कि यह मामला स्पष्ट रूप से लव जिहाद का है, जिसमें एक विशेष समुदाय का युवक संलिप्त है।





"एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग" की थीम पर मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## योगशैली से दुनिया को परिचय कराने का दिन है योग दिवस: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे लिए विश्व एक परिवार है और विश्व योग दिवस का अवसर दुनिया को भारत के मूलदर्शन और योगशैली से परिचय कराने का दिन है। योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर





पर भोपाल के अटल पथ पर आयोजित राज्य स्तरीय 'योग संगम' सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास भी किया। उन्होंने आष्टांग योग दर्शन के रचयिता महर्षि पतंजलि को प्रणाम कर, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए मानवता को योग का वरदान देने के लिए उनका आभार माना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम में हुए संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में योग किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुगार्दास उइके, सांसद वीडी शर्मा तथा आलोक शर्मा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून का दिन खगोलीय गणना की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है।